2 विश्व प्रख्यात वायलियन वादक उस्ताद जोहर अली पहुंचे पनोरमा पब्लिक

दैनिक शुभ भास्कर

हर कदम आपके साथ...

E pepar www.Dainik shubh bhaskar, com

झांसी उत्तर प्रदेश, उदयापुर, राजस्थान मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

● वर्ष : 1 ● अंक : 90 ● नई दिल्ली, बुधवार, 05 जुलाई 2023 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्यः- 04 रूपये

RNIUP HIN/2015/64737

7 कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाया मिलन समारोह, हजारों की संख्या ..

शनि की परिक्रमा करते मिले 62 नए चंद्रमा

टोरोंटो, (एजेंसी)। खगोलविदों ने हाल ही में घोषणा की थी कि उन्होंने वलयाकार ग्रह शनि के चारों ओर 62 नए चंद्रमाओं की खोज की है और एक अन्य को अभी सूची में जोड़ा गया है। तो, वे इतने लंबे समय तक कैसे छिपे रहे? जब से मानवता ने आकाश की ओर देखना शुरू किया है, हमारा चंद्रमा हमारे ग्रह से अपेक्षाकृत कम दूरी पर अपनी कक्षा से हमें घूर रहा है। यह हमारे सौर मंडल के प्राकृतिक उपग्रहों में सबसे अधिक दिखाई देने वाला उपग्रह है, लेकिन किसी भी तरह से यह एकमात्र उपग्रह नहीं है। हालाँकि, कितने हैं, यह पता लगाना एक निरंतर चुनौती है। इस साल मई में, खगोलविदों ने घोषणा की कि उन्हें सौर मंडल के गैस दिग्गजों में से एक, वलयाकार ग्रह शनि की परिक्रमा करते हुए 62 नए चंद्रमा मिले हैं। एक झटके में, इसने लेविथान की परिक्रमा करने वाले पुष्ट चंद्रमाओं की संख्या (जो कि सूर्य से लगभग 886 मिलियन मील (1.3 बिलियन किलोमीटर) दूर है) बढ़ाकर 145 कर दी। इसने शनि को सबसे अधिक परिक्रमा करने वाले चंद्रमाओं वाले ग्रह का ताज भी पहनाया, जिससे इसे छीन लिया गया। इसके विशाल पड़ोसी बृहस्पति को कुछ लोगों ने 'चंद्रमा की दौड़' करार दिया है।

सौर मंडल में 290 'पारंपरिक' चंद्रमा!

अंतिम गणना में हमारे सौर मंडल में 290 से कम 'पारंपरिक' चंद्रमा नहीं थे। हालाँकि, केवल चंद्रमा को देखने का मतलब यह नहीं है कि यह आधिकारिक तौर पर चंद्रमा है। कुछ नए उपग्रह पहले भी देखे गए थे, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय खगोलीय संघ द्वारा आधिकारिक तौर पर किसी को चंद्रमा कहने से पहले एक लंबी प्रक्रिया होती है। कई वर्षों के निरंतर अवलोकन के बारे में सोचें।

ताइवान के शोधकर्ताओं ने खोजा नया चांद

शनि के चंद्रमाओं की संख्या लगातार बढ़ रही है और कुछ ही सप्ताह बाद उसी टीम द्वारा सूची में एक और नई खोज जोड़ी गई है। नए चंद्रमाओं का पता ताइवान में एकेडेमिया सिनिका इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स के पोस्टडॉक्टरल फेलो एडवर्ड एश्टन के नेतृत्व वाली एक टीम ने लगाया था। हवाई में मौना केआ के शीर्ष पर एक दूरबीन का उपयोग करके खोज में दो साल से अधिक समय लगा।

कनाडा वाइल्डफायर...



टोरोंटो। पिछ्ले ढाई महीने से कनाडा के जंगलों में आग ने कहर मचा रखा है। आग ने यहां 3 .3 मिलियन हेक्टेयर से अधिक इलाके को अपनी चपेट में ले लिया है। यह मैरीलैंड राज्य से भी बड़ा क्षेत्र है। आग की वजह से लोग यहां से पलायन करने को मजबूर हो रहे हैं। हालात अब और भी ज्यादा बिगड़ गए हैं, क्योंकि आग अब सिर्फ कनाडा तक सीमित नहीं रही। यह अमेरिका और यूरोप तक पहुंच गई है। न्यूयॉर्क में इसका सीधा असर दिखाई दे रहा है। शहर में हर तरफ धुआं-धुआं है। हवा की गुणवत्ता गिरती जा रही है। बता दें कि ब्रिटिश कोलंबिया और अल्बर्टा में जंगल की आग अप्रैल के अंत में शुरू हुई थी। आग फैलने के बाद यहां से 30,000 से अधिक लोग पलायन कर चुके हैं।

ख़ास ख़बर

सिर्फ 800 रुपए के लिए बेच दी 9 महीने की बेटी

नई दिल्ली, (एजेंसी)। ओडिशा में आर्थिक तंगी से परेशान आदिवासी समाज की एक महिला के द्वारा अपनी नौ महीने की बेटी को बेचने का मामला सामने आया है। मयूरभंज जिले में महज 800 रुपए में महिला ने अपनी बेटी को बेच दिया था। पुलिस ने बच्ची का रेस्क्यू कर लिया है। पेश मामले में बच्ची की मां, उसे खरीदने वाले दंपति व मध्यस्थता कराने वाली महिला को गिरफ्तार किया है। बच्ची की मां का कहना है कि वो बेटी का पालन पोषण ठीक से नहीं कर पा रही थी। यही वजह है कि उसने पड़ोस के गांव में बेटी को बेचने का निर्णय लिया। मां की पहचान करामी मुर्मु के रूप में हुई है। उसकी कुल दो बेटियां हैं। उसमें से लीजा नाम की अपनी नौ महीने की बेटी को उसने बेच दिया था।

फिलाडेल्फिया में गोलीबारी में चार लोगों की हुई मौत

वाशिंगटन, (एजेंसी)। फिलाडेल्फिया के किंग्सेसिंग में सोमवार रात मास शूटिंग की घटना हुई है। इस भयंकर गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो चुकी है, वहीं चार लोग गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस ने संदिग्ध आरोपी को हिरासत में ले लिया है। घटना के अनुसार सोमवार रात करीब 8.30 बजे एक पुलिस अधिकारी ने गोलियों की आवाज सुनी और साउथ 56वीं स्ट्रीट और चेस्टर एवेन्यू में एक घायल को देखा। इसके बाद कई लोगों ने पुलिस को उक्त इलाके में राइफल से लैस एक व्यक्ति के होने की जानकारी दी। इधर छानबीन के दौरान पुलिस को 4 लोगों के शव मिले हैं। वहां मौजूद घायलों को तुरंत प्रेसबिटेरियन मेडिकल सेंटर पहुंचाया गया है।

मस्क के ट्विटर को चुनौती देंगे जुकरबर्ग, थ्रेड्स जल्द

नई दिल्ली, (एजेंसी)। ट्विटर पर लगातार हो रहे बदलावों से अगर आप संतुष्ट नहीं हैं तो ये खबर आपके लिए है। फेसबुक/इंस्टाग्राम के मालिकाना हक वाली कंपनी मेटा ट्विटर का प्रतिद्वंद्वी प्लेटफॉर्म लाने जा रही है। इस एप का नाम 'थ्रेड्स' है, जो मेटा गुरुवार को लॉन्च करने जा रहा है। थ्रेड्स एपल के एप स्टोर पर प्री-ऑर्डर के लिए उपलब्ध है। थ्रेड्स इंस्टाग्राम से लिंक्ड होगा। सोशल मीडिया पर सामने आए एप के स्क्रीनशॉट में ये ट्विटर जैसा दिख रहा है। मेटा का कहना है कि इस एप से लोग एक दूसरे से बातचीत कर सकेंगे। एपल एप स्टोर में इसके बारे में जो जानकारी दी गई है, उसमें लिखा है, थ्रेड्स पर कम्युनिटीज हर चीज के बारे में बात कर सकते हैं।

इंसानियत शर्मसार! युवक ने आदिवासी व्यक्ति पर की पेशाब

मध्य प्रदेश के सीधी जिले से एक शर्मनाक तस्वीर सामने आ रही है। यह तस्वीरें मानवता को शर्मसार कर रही हैं। इस वीडियो में एक युवक आदिवासी व्यक्ति के ऊपर पेशाब करता दिखाई दे रहा है। इसका नाम प्रवेश शुक्ला बताया जा रहा है। वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इसको लेकर पुलिस एक्शन में आ गई है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पूरे मामले का संज्ञान लिया है। उन्होंने आरोपी युवक के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

एससीओ में बोले मोदी : आतंकवाद बड़ा खतरा, कुछ देशों ने इसे पॉलिसी बनाया

नई दिल्ली, (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शंघाई कोऑपरेशन समिट (एससीओ) की वर्चुअल समिट को होस्ट कर रहे हैं। इसमें पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन शामिल हुए हैं। पीएम मोदी ने कहा- कुछ देश आतंकवादियों को पनाह देते हैं। ये क्षेत्रीय शांति के लिए बड़ा खतरा है। आतंकवाद पर दोहरे मापदंड के लिए कोई जगह नहीं है। पीएम मोदी ने ईरान के एससओ में शामिल होने की घोषणा भी की। उन्होंने ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और देश की जनता को इसके लिए बधाई दी। प्रधानमंत्री ने कहा- भारत का सिद्धांत पूरा विश्व एक परिवार है।

भारत के लिए क्यों जरूरी है एससीओ

- रूस से मजबूत रिश्ते बनाए रखना
- पड़ोसी देशों चीन और पाकिस्तान के दबदबे पर लगाम और जवाब देना
- सेंट्रल एशियाई देशों के साथ सहयोग बढ़ाना

एससीओ भारत को आतंकवाद से लड़ाई और सिक्योरिटी से जुड़े मुद्दे पर अपनी बात मजबूती से रखने के लिए एक मजबूत मंच उपलब्ध कराता है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, एससीओ को लेकर भारत की तीन प्रमुख पॉलिसी हैं।

एससीओ से जुड़ने में भारत का एक प्रमुख लक्ष्य इसके सेंट्रल एशियाई रिपब्लिक यानी सीएआर के 4 सदस्यों- कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, तजाकिस्तान और उज्बेकिस्तान से आर्थिक संबंध मजबूत करना है। इन देशों के साथ कनेक्टिविटी की कमी और चीन के इस इलाके में दबदबे की वजह से भारत के लिए ऐसा करने में मुश्किलें आती रही हैं। 2017 में एससीओ से जुड़ने के बाद इन सेंट्रल एशियाई देशों के साथ भारत के व्यापार में तेजी आई है। 2017-18 में भारत का इन चार देशों से व्यापार 11 हजार करोड़ रुपए का था, जो 2019-20 में बढ़कर 21 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा हो गया।

मोदी की उद्बोधन की खास बातें...

1 एससीओ भी हमारा परिवार

हम एससीओ को अपना परिवार मानते हैं। पहली बार एससीओ मिलेट फूड फेस्टिवल, फिल्म फेस्टिवल, क्राफ्ट मेला, थिंक टैंक कॉन्फ्रेंस जैसी चीजें हुई हैं। एससीओ की पहली पर्यटन और सांस्कृतिक राजधानी वाराणसी में कार्यक्रम हुआ। एससीओ देशों के युवाओं की प्रतिभा को उजागर करने के लिए हमने कई कार्यक्रम किए हैं।

2 आतंकवाद क्षेत्रीय शांति के लिए खतरा

प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ देश क्रॉस बॉर्डर टेररिज्म को नीतियों में जगह देते हैं। आतंकवादियों को पनाह देते हैं। उन्होंने आतंकवाद को अपनी पॉलिसी का हिस्सा बना लिया है। आतंकवाद क्षेत्र की शांति के लिए खतरा है। ऐसे मामलों में दोहरे मापदंड नहीं रखने चाहते। हमें आतंकवाद से मिलकर लड़ना होगा।

3 अफगानिस्तान में मानवीय सहायता प्राथमिकता

अफगानिस्तान पर भारत की चिंताएं एससीओ के दूसरे मेंबर्स की तरह ही हैं। अफगान नागरिकों को मानवीय समानता, महिलाओं-बच्चों और अल्पसंख्यकों के अधिकारों को सुरक्षित करना हमारी साझा प्राथमिकता है।

36 घंटे में चार राज्यों का दौरा करेंगे पीएम मोदी

नई दिल्ली, (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 7-8 जुलाई को चार राज्यों के दौरे पर होंगे। ये चार राज्य छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना और राजस्थान हैं। इस दौरान पीएम मोदी 36 घंटों के भीतर चार राज्यों के पांच शहरों में दर्जनभर कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। इस दौरान वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाने से लेकर कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। पीएम मोदी दो दिवसीय दौरे के दौरान चार राज्यों के पांच शहरों रायपुर, गोरखपुर, वाराणसी, वारंगल और बीकानेर में लगभग दर्जनभर कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। वह 50,000 करोड़ रुपए की लगभग 50 परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। पीएम मोदी सबसे पहले सात जुलाई को दिल्ली से रायपुर का दौरा करेंगे, जहां वह कई परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। रायपुर-विशाखापट्टनम कॉरिडोर के छह लेन परियोजना की आधारशिला रखी जाएगी। इसके बाद वह एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी गोरखपुर जाएंगे, जहां वह गीता प्रेस के एक कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

राहुल गांधी को झारखंड हाईकोर्ट से मिली राहत

रांची, (एजेंसी)। झारखंड में रांची एमपी-एमएलए कोर्ट द्वारा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को सशरीर उपस्थित होने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। एकल पीठ के न्यायाधीश संजय कुमार द्विवेदी ने सुनवाई के बाद निकली अदालत के आदेश पर रोक लगा दी। इसके साथ ही न्यायालय ने राहुल गांधी के खिलाफ किसी भी तरह की पीड़क कार्रवाई पर भी रोक लगा दी है। अब राहुल गांधी से जुड़े मामले की सुनवाई 16 अगस्त को होगी। झारखंड उच्च न्यायालय के इस आदेश से राहुल गांधी को बड़ी राहत मिली है। और अब उन्हें रांची सिविल कोर्ट में सशरीर हाजिरी नहीं लगानी पड़ेगी।

लैंड फॉर जॉब मामले में तेजस्वी पर कसा शिकंजा, बिहार में राजनीति हुई गर्म

नई दिल्ली, (एजेंसी)। महाराष्ट्र के बाद अब बिहार में राजनीतिक सरगर्मी तेज है। दरअसल बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव की मुश्किलें बढ़ने लगी हैं। 14 साल पुराने लैंड फॉर जॉब मामले में सीबीआई ने उनके खिलाफ एक फ्रेश चार्जशीट दाखिल कर दी है। इसमें एजेंसी ने उनके खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं। वैसे इस मामले में पूरा लालू परिवार फंसा हुआ है। लालू यादव और राबड़ी देवी भी इसी घोटाले में जांच का सामना कर रहे हैं। मीसा भारती और हेमा यादव भी आरोपी हैं।

वहीं इस मामले में अब बीजेपी ने तेजस्वी यादव के साथ-साथ सीएम नीतीश कुमार को भी घेरना शुरू कर दिया है। बीजेपी सांसद सुशील मोदी ने नीतीश से बिना देरी तेजस्वी को बर्खास्त करने की मांग कर दी है। इधर बिहार के राजनीतिक गलियारे में एक चर्चा और शुरू हो गई है। कहा जा रहा है कि नीतीश कुमार के सामने 2017 वाली स्थिति खड़ी हो गई है। 2017 में भ्रष्टाचार के मामले में सीबीआई ने तेजस्वी यादव के खिलाफ केस दर्ज कर लिया था।

हरिवंश ने की नीतीश से मुलाकात

मंगलवार को अचानक राज्यसभा के उपसभापति और नीतीश के साथी हरिवंश उनसे मिलने पहुंचे। वर्ष 2017 में जब नीतीश ने महज 20 महीने बाद महागठबंधन से अलग होकर भाजपा के साथ सरकार बनाने का फैसला लिया, तब भी उन्होंने कहा था कि मैंने अंतरात्मा की आवाज पर इस्तीफा दे दिया है।

हिंसाग्रस्त मणिपुर में आज से खुलेंगे स्कूल

इंफाल, (एजेंसी)। पिछले दो महीने से मणिपुर में जातीय हिंसा की घटनाएं सामने आ रही हैं, लेकिन इस बीच केंद्र और राज्य सरकार की पहल का असर भी देखने मिल रहा है। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने बताया कि हिंसक घटनाओं को देखते हुए पांच जिलों में अतिरिक्त सुरक्षाबलों की तैनाती की जाएगी और क्लास 1 से 8 तक के लिए पांच जुलाई यानी कल से स्कूल खोले जाएंगे। वहीं सुप्रीम कोर्ट , सुरक्षा बलों की तैनाती और कानून व्यवस्था की स्थिति पर डिटेल रिपोर्ट मांगी है।

बच्चों के सपने साकार करना, हम सभी का दायित्व : मुख्यमंत्री गहलोत

जयपुर, (एजेंसी)। मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने सोमवार को प्रदेश के 5.91 लाख से अधिक पालनहार लाभार्थियों के बैंक खातों में 146.74 करोड़ रुपए डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से हस्तांतरित किए। इसमें जून माह के 59.38 करोड़ रुपए 5,92,630 लाभार्थियों को और जुलाई माह के 87.36 करोड़ रुपए 5,91,730 लाभार्थियों को सहायता राशि दी। श्री गहलोत ने मुख्यमंत्री निवास पर राज्य स्तरीय लाभार्थी संवाद समारोह में कहा कि विभिन्न श्रेणियों में लाभार्थियों को सहायता पहुंचाई जा रही है। सहायता राशि बढ़ाने से लगभग 300 करोड़ रुपए का अतिरिक्त भार आएगा। उन्होंने कहा कि गत सरकार में शुरू पालनहार योजना को बंद करने के बजाय हमने सहायता राशि और श्रेणियों में बढ़ोतरी की है।

टीना अंबानी ईडी दफ्तर में हुईं पेश

मुंबई, (एजेंसी)। रिलायंस एडीए ग्रुप के चेयरमैन अनिल अंबानी से ईडी ने सोमवार को आठ घंटे पूछताछ की थी। मंगलवार को उनकी पत्नी टीना अंबानी ईडी के समक्ष पेश हुईं और अपना बयान दर्ज कराया। ईडी ने विदेशी मुद्रा कानून के कथित उल्लंघन से जुड़ी जांच के संबंध में अंबानी दंपति से पूछताछ की है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। अनिल अंबानी ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) की धाराओं के तहत सोमवार को मामले में अपना बयान दर्ज कराया और उनके इस हफ्ते के अंत में संघीय एजेंसी के समक्ष पेश होने की संभावना है। सूत्रों ने बताया कि दंपति के खिलाफ जांच विदेश में कथित अघोषित संपत्तियों के कब्जे और धन के लेनदेन से जुड़ी है। अनिल अंबानी यस बैंक के प्रवर्तक राणा कपूर और अन्य के खिलाफ धनशोधन मामले में 2020 में ईडी के समक्ष पेश हुए थे।

अब यूसीसी लागू करने का समय आ गया है: धनखड़

नई दिल्ली, (एजेंसी)। समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बड़ा बयान दिया है। धनखड़ ने कहा कि यूसीसी को लागू करने का अब सही वक्त आ गया है। उपराष्ट्रपति ने यूसीसी लागू करने को लेकर ये बयान उस वक्त दिया जब वह आईआईटी गुवाहाटी के 25वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उपराष्ट्रपति ने कहा कि संविधान के संस्थापकों द्वारा जिस यूसीसी की परिकल्पना की गई थी, उसे लागू करने का अब सही वक्त आ गया है। उन्होंने कहा कि संविधान के आर्टिकल-44 में साफ कहा गया है कि देश अपने नागरिकों के लिए यूसीसी को सुरक्षित करने का प्रयास करेगा।

समान नागरिक संहिता की कवायद के बीच मोदी से मिले धामी

नई दिल्ली, (एजेंसी)। उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता को लागू किये जाने को लेकर चल रही कवायद के बीच राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री से मिलने के लिए उनके आवास पहुंचे श्री धामी के साथ समान नागरिक संहिता की मसौदा समिति की अध्यक्ष न्यायमूर्ति रंजना देसाई भी थी। दोनों नेताओं के बीच मुलाकात के दौरान किन किन मुद्दों पर बात हुई इस बारे में आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी नहीं दी गयी है।

अजित पवार ने कहा- मोदी जैसा कोई और नेता नहीं

मुंबई। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जैसा कोई नेता नहीं है। अजित पवार ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अपने गुट का दक्षिण मुंबई में बने नए कार्यालय का उद्घाटन किया।

इस मौके पर संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा, देश उनके (मोदी के) नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है। हम उनका समर्थन करने के लिए सरकार में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा, मोदी जैसा कोई नेता नहीं है। उनका कोई विकल्प नहीं है। अजित पवार ने संकेत दिया कि राज्य में मंत्रियों के विभागों की घोषणा तत्काल नहीं की जाएगी।

उन्होंने इस देरी के लिए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नागपुर दौरे को कारण बताया। दोनों नेता राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की आगवानी करने वहां जा रहे हैं।

याचिका शिंदे समेत 16 विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिका मामला

जल्द सुनवाई के लिए ठाकरे खेमा पहुंचा न्यायालय

नई दिल्ली,(एजेंसी)। शिवसेना (यूबीटी) ने एक बार फिर उच्चतम न्यायालय का रुख कर महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अन्य विधायकों के खिलाफ दायर अयोग्यता याचिकाओं पर तय समय-सीमा में शीघ्र फैसला करने का निर्देश देने का अनुरोध किया है। इन विधायकों ने जून 2022 में नई सरकार बनाने के लिए भाजपा का साथ दिया था।

अविभाजित शिवसेना के मुख्य सचेतक के रूप में 2022 में शिंदे और अन्य विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिका दायर करने वाले शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) विधायक सुनील प्रभु की याचिका में आरोप लगाया गया कि विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर शीर्ष अदालत के 11 मई के आदेश के बावजूद जानबूझकर फैसले में देरी कर रहे हैं। वकील निशांत पाटिल और अमित आनंद तिवारी के माध्यम से



दायर याचिका में कहा गया है, महाराष्ट्र विधानसभा के सदस्यों के खिलाफ याचिकाकर्ता द्वारा दायर अयोग्यता याचिकाओं के फैसले में जानबूझकर देरी करने के प्रतिवादी अध्यक्ष के आचरण के संबंध में भारत के संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत यह अदालत असाधारण क्षेत्राधिकार का इस्तेमाल करने के लिए बाध्य है। याचिका में कहा गया है कि शीर्ष अदालत के 11 मई के फैसले में स्पष्ट निर्देश के बावजूद कि लंबित अयोग्यता याचिकाओं पर उचित अवधि के भीतर फैसला किया जाना चाहिए, विधानसभा अध्यक्ष ने एक बार भी सुनवाई नहीं की।

याचिका में कहा गया, याचिकाकर्ता ने अयोग्यता मामलों में सुनवाई के लिए 15 मई, 23 मई, और 2 जून, 2023 को तीन से अधिक आवेदन भी भेजे हैं। हालांकि, प्रतिवादी अध्यक्ष ने तटस्थ मध्यस्थ के रूप में अपने संवैधानिक कर्तव्यों की अवहेलना की है। इससे एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री के रूप में अवैध रूप से बने रहने की अनुमति मिल गई है, जिनके खिलाफ अयोग्यता याचिकाएं लंबित हैं। अपनी याचिका में प्रभु ने कहा कि यह एक स्थापित कानून है कि विधानसभा अध्यक्ष 10वीं अनुसूची, जो दल-बदल विरोधी कानून से संबंधित है, के तहत अपने दायित्व के निर्वहन के समय एक न्यायाधिकरण के रूप में कार्य करता है और उसे निष्पक्ष और निष्पक्ष तरीके से कार्य करना आवश्यक है।

ख़ास ख़बर

दैनिक खबर (प्रभात खबर)पत्रकार को हुआ मातृ शोक

सोनू भगत/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर ,सुपौल/जिले के छातापुर बाजार निवासी एक दैनिक खबर (प्रभात खबर) के पत्रकार संजय कुमार पप्पू की 75 वर्षीय आनंदी देवी का रविवार देर रात निधन हो गया। परिजनो ने बताया की रविवार के संध्या परिजनों के साथ दिवंगत आनंदी देवी स्थानीय दिहवारिणी स्थान में अखारी पुजा करने गई थी। रात्रि काल वो खाना खाकर आराम से सोने गई थी। देर रात्रि लगभग एक बजे उन्हें बैचैनी महसूस हुआ तथा सांस लेने में कुछ परेशानी हुई। तत्पश्चात उन्हें आनन फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां दो बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। जिसके बाद उनकी पार्थिव शरीर को लेकर परिजन आवास पर पहुंचे तो लोगों की आंखें नम हो गईं। सोमवार को उनके निधन की जानकारी होने पर समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों के साथ मीडिया कर्मियों में शोक की लहर दौड़ गई। उनके अंतिम दर्शन को ले बड़ी संख्या में लोग उनके घर पहुंचे, और शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। जबकि दोपहर समय में उनकी शव यात्रा निकली जिसमे भी बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। दाह संस्कार मुख्यालय आवास से महज कुछ दूरी स्थित निजी बगीचा वाली स्थल में हुआ। दिवंगत आनंदी देवी धर्म कर्म के कार्य में भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेती थी। वो शांत व मिलनसार स्वभाव की थी। मुखाग्नि छोटे पुत्र पत्रकार संजय कुमार पप्पू ने दी। दिवंगत आनंदी देवी अपने दो पुत्र समेत उनका भरा पूरा परिवार छोड़ गए है। शोकाकुल परिजनो में पुत्र विनोद भगत, पौत्र प्रशांत राज, आशुतोष आनंद पोत्री प्रिया राज, प्रीति राज, साक्षी आनंद सहित अन्य शामिल है।

हर्षोल्लास से मनाया गुरु पुर्णिमा

एक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर, सुपौल/जिले में राघोपुर प्रखंड के करजाईन बाजार में गुरु पुर्णिमा के अवसर पर त्रिलोकधाम गोसपुर में आचार्य धर्मेन्द्रनाथ मिश्र के सानिध्य में व्यास पूजन का आयोजन किया गया। इस दौरान शिष्यों ने गुरु का आशीर्वाद लेकर वेद पाठ आदि किए। वहीं संतमत सत्संग मंदिर बायसी-डुमरी, रतनपुर में महर्षि मेंही के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर उपस्थित लोगों ने उन्हें नमन किया। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता विनोद कुमार मेहता ने कहा कि परमात्मा से मिलने का मार्ग गुरु के माध्यम से ही मिलता है। इस मौके पर ठाकुर बाबा, आचार्य रामविलास मेहता, शिवनारायण मेहता, देवनारायण मेहता, सूर्यनारायण मेहता, रामस्वरूप शास्त्री, सत्यदेव शर्मा, दुखी राम, चितनारायन मेहता, रमेश प्रसाद मेहता, हरेराम मेहता, नरेश कुमार मेहता, जितेंद्र कुमार मेहता सहित अन्य श्रद्धालू उपस्थित थे।

कुत्ते को बचाने में बाइक सवार जख्मी, गंभीर हालत में रेफर

संजीब यादव/दैनिक शुभ भास्कर राघोपुर सुपौल/जिले के राघोपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 57 पर रामविशनपुर राइस मिल के समीप एक बाइक सवार व्यक्ति, एक कुत्ते को बचाने के चक्कर मे दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जानकारी अनुसार घटना के बाद उक्त जख्मी व्यक्ति करीब घंटों सड़क पर पड़ा रहा, बाद में लोगों द्वारा देखे जाने पर उसे अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे रेफर कर दिया गया। घटना को लेकर मिली जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र के श्रीपुर निवासी 55 वर्षीय प्रमोद झा अपने ग्लैमर बाइक BR 38H 1906 से प्रतापगंज की ओर से सिमराही की ओर आ रहे थे। इसी बीच रामविशनपुर राइस मिल के समीप अचानक एक कुत्ता सामने आ गया, जिसे बचाने के चक्कर मे बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसके कारण बाइक सवार गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

विश्व प्रख्यात वायलियन वादक उस्ताद जोहर अली पहुंचे पनोरमा पब्लिक स्कूल, स्कूली बच्चों के बीच वायलियन बजाकर कार्यक्रम में बांधा समां

कार्यक्रम की शुरूआत पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक संजीव मिश्रा ने दीप प्रवज्जलित करके किया

सोनू भगत/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल/ जिले में छातापुर प्रखंड के रामपुर पंचायत स्थित पनोरमा पब्लिक स्कूल के किडजी परिसर में मंगलवार को विश्व प्रख्यात वायलियन वादक उस्ताद जौहर अली खान व तबला वादक अकरोदीप दास पहुंचे। जिन्होंने अपने तबला व वायलियन बजाकर कार्यक्रम में समां बांध दिया।कार्यक्रम की शुरूआत पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक संजीव मिश्रा ने दीप प्रवज्जलित करके किया। वही इसके साथ-साथ सभी अतिथियों का स्वागत शॉल ओढ़ाकर किया।

इससे पहले पनोरमा पब्लिक स्कूल की छात्रा सपना, दिव्या, प्राची आदि ने स्वागत गान गाकर अतिथियों का स्वागत की।पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री मिश्रा ने कहा की विश्व प्रख्यात वायलियन वादक उस्ताद जौहर अली खान ने अपना वायलियन बजाकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया साथ ही एक से बढ़कर एक गान, राष्टीय गान के धुन पर वायलियन बजाकर बच्चों समेत आए हुए अतिथियों व दर्शक दीर्घा में बैठे लोगो को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया।।संगीत के बिना जीवन अधुरा-उस्ताद जोहर अली मंगलवार को छातापुर के रामपुर में पनोरमा पब्लिक स्कूल स्थित किडजी परिसर में स्कूली बच्चों के बीच कार्यक्रम पेश करने पहुंचे विश्व प्रख्यात वायलियन वादक उस्ताद जोहर अली खान ने स्कूली बच्चों को संबोधित करते हुए कहा की मानव जीवन में शिक्षा के साथ-साथ संगीत का भी होना अहम जरूरी हैं जितना जरूरी हैं शिक्षित होना। प्रख्यात वायलियन वादक उस्ताद ने कहा मरहूम पूर्व राष्टपति एपी जे अब्दुल कलाम आजाद जी को याद करते हुए कहा की हमारे भारत के पूर्व राष्टपति व महान शिक्षाविद् मिशाईल मैन का भी कहना था की शिक्षा के बिना जैसा मानव जीवन जीना अधूरा हैं ठीक उसी प्रकार संगीत का भी ज्ञान लेना बहुत जरूरी हैं।पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक संजीव मिश्रा ने सभी अतिथियों को भेंट किया पौधा।छातापुर मुख्यालय के रामपुर स्थित पनोरमा नगर के पनोरमा पब्लिक स्कूल केकिडजी परिसर में मंगलवार को पहुंचे विश्व प्रख्यात वायलियन वादक उस्ताद जोहर अली खान को कार्यक्रम समापन के समय शॉल व पर्यावरण संरक्षण हेतु मिशन हरियाली के तहत पौधा व मोमेंटो भेंटकर सभी को विदाई दी। कार्यक्रम में सभी अतिथियों के साथ-साथ पनोरमा पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राए अभिभावक व अन्य लोग मौजूद थे।ये सभी रहे शामिल....कार्यक्रम में मुख्य रूप से पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक संजीव मिश्रा, वरिष्ठ साहित्यकार गिरिन्द्रनाथ झा,कार्यक्रम के आयोजक अमित कुमार दास, पनोरमा पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल अरूण कुमार झा, सत्यैन्द्र सिंह, तौसिफ हूसैन, राहुल कुमार झा,आदित्य, कुन्दन सिंह, नीतीश झा,शुभम, वंदना, शोभना, रोहिणी, प्रियंका समेत बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे व शिक्षकगण मौजूद थे।

श्रावण मास में करें भगवान आशुतोष (महादेव) की विशेष पूजा- आचार्य धर्मेंद्रनाथ मिश्र



सोनू भगत/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल/जिले के छातापुर प्रखंड अंतर्गत श्रावण मास में आशुतोष भगवान शंकर की पूजा का विशेष महत्व है। श्रावण मास में जो प्रत्येक दिन पूजन ना कर सकें उन्हें सोमवार को शिव पूजा अवश्य ही करनी चाहिए और व्रत भी रखना चाहिए। सोमवार भगवान शंकर का प्रिय दिन है अतः सोमवार को शिव आराधना रुद्राभिषेक इत्यादि जो शिव का विशेष पूजन है प्रत्येक व्यक्ति को अवश्य ही करनी चाहिए। इसी प्रकार मासों में श्रावण मास भगवान शंकर को विशेष प्रिय है। श्रावण मास में जितने भी सोमवार पढ़ते हैं उन सब में शिवजी का व्रत उपवास किया जाता है। इस बार दिनांक 17 जुलाई से मलमास भी पड़ रहा है। मलमास वा अधिक मास अर्थात पुरुषोत्तम मास परने के कारण इस बार श्रावण मास 2 महीने का हो गया है ।यह संजोग 19 वर्ष के बाद प्राप्त हो रहा है। निश्चित रूप से शिव भक्तों के लिए यह 2 मास का श्रावण विशेष मनोरथ की प्राप्ति कराने के लिए ही ऐसा संजोग बना हुआ है। 16 अगस्त को मलमास का विश्राम हो जाएगा एवं 7 जुलाई से नवविवाहिताओं का विशेष पर्व मधुश्रा वणी व्रत शुभारंभ और 19अगस्त कोविश्राम हो जाएगा।तथा 21 अगस्त को नाग पंचमी और 23 अगस्त को शीतला पूजा होंगे। इसवार दो महीने के श्रावण मास में 8सोमवार का योग बनता है। वैसे तो श्रावण मास का प्रत्येक दिन शिव पूजा के लिए सर्वोत्तम माना गया है। उसमे से 8 सोमवार परने से शिव भक्तों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। द्वितीय श्रावण कृष्ण पक्ष 2 अगस्त से आरंभ कर द्वितीय श्रावण शुक्ल पक्ष यानि 31 अगस्त तक श्रावणी पूर्णिमा तक रक्छाबन्धन पर्व के साथ श्रावण मास विश्राम हो जायेंगे। प्रथम सोमवार व्रत दिनांक 10 जुलाई तक। दूसरा सोमबार का व्रत दिनांक 17 जुलाई को, तीसरा सोमवार व्रत 24 जुलाई को, चौथा सोमवार व्रत दिनांक 31 जुलाई को, पांचवां सोमवार व्रत दिनांक 7अगस्त को, छठा सोमवार व्रत दिनांक 14 अगस्त को, सातवां सोमवारी व्रत दिनांक 20 अगस्त को नाग पंचमी के साथ तथा आठवां एवं अंतिम सोमवारी व्रत दिनांक 28 अगस्त को विश्राम हो जाएगा। विशेष द्वितीय श्रावण कृष्ण पक्ष दिनांक 2अगस्त से दिनांक 17 अगस्त तक मलमास ही रहेंगे।मलमास से अतिरिक्त सोम जो शुद्ध सोम होगा वह दो ही बचे रहेंगे। दिनांक 21अगस्त को एवं 28 अगस्त को। श्रावण मास में की गई कोई भी साधना पूर्ण फलदायक होती ही है, क्योंकि इस मास का प्रत्येक दिवस शुभकामनाओं सिद्धि प्रदायक अमृत महोत्सव की गरिमा को अपने अंदर समेटे हुए होता है ।श्रावण मास भूत भावन भोलेनाथ का मांस है ।इसे इस पूरे मास में यदि पूर्ण श्रद्धा एवं विधि पूर्वक दूध, दही ,घृत ,मधु,पंचामृत, बिलिपत्र, आंक के फूल, पत्र ,पुष्प फल ,आदि के द्वारा पूजा आराधना किया जाए तो निश्चित रूप से भक्तों की समस्त मनोवांछित फल पूर्ण होते हैं ।श्रावण मास में शिव की कृपा तो प्राप्त होती ही है उसके साथ साथ व्यक्ति पर पूर्ण जीवन काल तक लक्ष्मी जी की कृपा भी बनी रहती है ,क्योंकि मां पार्वती स्वयं अन्नपूर्णा लक्ष्मी स्वरूपा हैं ।यदि जीवन में सुख प्राप्त करना हो तो श्रावण मास में शिव पूजन अवश्य करनी चाहिए।

प्रखंड में सुरजीत सिंह आवास पर पूर्व सांसद आंनद मोहन सिंह द्वारा की गई बैठक

सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, किशनपुर, सुपौल/जिले में किसनपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित सुरजीत सिंह के निज आवास पर मंगलवार को पूर्व सांसद आनंद मोहन ने सरकार को अनेक मुद्दों पर घेरते हुए कहा कि मेरे ऊपर बेवजह की अफवाह फैला रहा है की पूरा सजा काटे बिना ही जेल से बाहर निकल गए मैं उन लोगों को बताना चाहता हूं कि में आजीवन कारावास मतलब होता है। 14 वर्ष लेकिन में उसके बावजूद में 16 वर्ष जेल काटकर बाहर आया हूं। जो कानून 2016 में आया है वह कानून 2007 में नहीं आया था। उन्होंने कहा कि 2007 में जो कानून लागू हुआ था सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर हमने 16 वर्ष जेल काटे हैं । जहां विरोधियों के द्वारा हवा देने की काम कर रही है। उस व्यक्ति को सुप्रीम कोर्ट से जाकर पूछना चाहिए। कहां की सरकार देश को आगे लेजाने के लिए जिस दिशा में काम करना चाहिए उस से ध्यान भटकाकर उन्माद पैदा कर सरकार तो बना सकता है लेकिन देश को आगे नहीं बढ़ा सकता है। कहा कि महंगाई की ध्यान भटकाने के लिए और अपनी नाकामी को छुपाने के लिए मंदिर मस्जिद के नाम पर चुनाव लड़ने का काम कर रही है। कहा कि सरकारी संपत्ति को बेचने का काम सरकारे कर रही है रेलवे, बैंक ,अस्पताल, स्कूल आदि को निजीकरण किया जा रहा है। और बेचकर उस पैसे से दूसरे राज्य में बने हुए सरकार को गिरा कर अपनी सरकार को बनाने में लगे रहते हैं। पैसे से सरकार को गिराना और बनाना ही रह गया है। कहां कि उत्तर प्रदेश के अयोध्या में जो शीला भूमि पूजन के लिए हर राज्य से हर जिलों से भक्तों ने ईट में लाल कलर के कपड़े और चंदन लगाकर यहां से अयोध्या भेजने का काम किया गया तो वे ईट कहां चला गया। और ईट के बदले राजस्थान से मंगाए गए पत्थर व मार्बल से मंदिर निर्माण किया जा रहा है। आखिरकार ईट गया कहां इस पर क्यों नहीं सरकार जवाब दे रही है। कहां कि केदारनाथ मंदिर में सवा सौ करोड़ का सोना पीतल कैसे हो गया इस पर क्यों नहीं कोई चर्चा कर रहा है आखिर सोना गया कहां इसका भी जवाब सरकार को जनता के बीच देना चाहिए। कहां की जातीय उतमाद फैलाकर देश को बांटने का काम कर रहा है। और कहा कि इस देश में जो राष्ट्रभक्त है उसे देशद्रोह कहने का काम सरकार में रह रहे लोग कह रहे हैं। कि हिंदुस्तान की सरकार आज अगर चाहे तो पाकिस्तान को चार टुकड़ों में बट जाएगा लेकिन पाकिस्तान को खड़ा कर हिंदू मुस्लिम करके राजनीति कि रोटी सेकता है। मौके पर पूर्व मुखिया अवधेश प्रसाद सिंह, कुलानंद अकेला ,रमेश प्रसाद सिंह ,शैलेंद्र कुमार सिंह ,सोहन सिंह ,नन्हे सिंह, सोनम सिंह, दीपक कुमार, शिवम सिंह, मो मायान, मो जावेद, दिनेश यादव, राहुल कुमार ,गौरी शंकर चौधरी आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

आवासीय ज्ञान कुंज एकेडमी प्रांगण में गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया गया धूम-धाम से

सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, किशनपुर ,सुपौल/जिले में किसनपुर प्रखंड स्थित आवासीय ज्ञान कुंज एकेडमी के प्रांगण में गुरु पूर्णिमा पर्व धूमधाम से मनाया गया। एकेडमी संचालक पप्पू कुमार जायसवाल व अरुण कुमार जयसवाल ने दिव्य ज्योति जागृति संस्था के संस्थापक व संचालक आशुतोष महाराज जी के प्रतिमा के सामने विभिन्न प्रकार के फल फूल के साथ गुरु पूजा करते हुए दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के सभी गुरू भाईयो को गुरु पूर्णिमा महोत्सव का शुभकामना दिया। कहा कि आज के दिन सच्ची गुरु पूजा हो। महाराज जी का गुरू के लिए भी या दिन बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। गुरु पूर्णिमा का पर्व भावों का पर्व है। जो शिष्य गुरु के कृपा से ब्रह्म ज्ञान में स्नान किया है वह गुरु पुजा किये बगैर रह नहीं सकता। जब एक भक्त भाव युक्त गुरु के चरणों में शीश अर्पित करता है तो बदले में वह क्या पता है। सिर्फ वह गुरु का स्नेह व गुरु का आशीर्वाद पाता है। गुरु पूर्णिमा पर्व महर्षि वेदव्यास के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। हमारे देश में गुरुजनों का सम्मान इसलिये किया जाता है, क्योंकि एक सच्चे गुरु ही अपने शिष्य को सही रास्ता दिखाता है गुरु के बिना एक शिष्य के जीवन का कोई अर्थ नहीं है । संत कबीर साहिब जी कहते हैं गुरु गोविंद दोनों खड़े काको लागू पाय। बलिहारी गुरु आपने जिन गोविंद दियो मिलाय।। एक सच्चे गुरु ही ईश्वर से मिला सकता है। इसलिये सच्चे साधु-संत देवनदी गंगा के समान हैं, जिसमें जिज्ञासु भक्तजन आकर अपने तन-मन को पखारते हैं, उनके दर्शन-सत्संग से स्वयं को पवित्र करते हैं। जो लोग विषय-वासना से मैले होते हैं, साधु जन की संगति में आकर वे सब निर्मल हो जाते हैं।

फूंका पुतला शिक्षक अभ्यर्थियों पर बिहार सरकार द्वारा लाठी चार्ज करना निंदनीय है

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई वीरपुर के द्वारा आज स्थानीय रहस्स्-कॉलेज बीरपुर के मुख्य द्वार पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का फूंका पुतला

अभिषेक आनंद/दैनिक शुभ भास्कर, वीरपुर ,सुपौल।जिले के बिरपूर अनुमंडल अंतर्गतअखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई वीरपुर के द्वारा आज स्थानीय LNMS कॉलेज बीरपुर के मुख्य द्वार पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का फूंका पुतला शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन कर रहे शिक्षक अभ्यर्थियों पर बिहार सरकार द्वारा लाठी चार्ज करना निंदनीय है जिनका अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पुर जोर विरोध करती है बिहार शिक्षक नियुक्ति में किए जा रहे बार-बार संशोधन एवं डोमिसाइल नीति के विरुद्ध पटना में शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों पर पुलिस द्वारा बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज की अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बीरपुर कड़ी शब्दों में निंदा करती है कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय संयोजक भवेश झा ने बताया कि बिहार सरकार द्वारा शिक्षक नियुक्ति के विज्ञापन के बाद डोमिसाइल नीति की हटाकर एक दर्जन संशोधन कर के प्रांत की शिक्षा व्यवस्था को बिगाड़ कर रख दिया है सरकार ने ऐसा करके युवाओं को निराशा में धकेलने का काम किया है सरकार की कुव्यस्था एवं दमनकारी नीति के विरोध अभाविप प्रमुखता से आवाज बुलंद कर रही है वही मौके पर उपस्थित प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सागर सत्या ने बताया कि शिक्षक अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज करना सरकार की मानसिकता को दर्शाता है यह एक तानाशाही एवं संकीर्ण सोच वाली सरकार की मानसिकता को दर्शाता है अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इसके विरूद्ध अपना आवाज बुलंद करता रहेगा एवं इसको व्यवस्था के विरुद्ध हमारा प्रदर्शन जारी रहेगा मुंगेरीलाल के सपने देख रहे सुबे के मुखिया प्रधानमंत्री बनने के लिए बिहार के युवाओं को इस तरह बलगला कर धोखा करना नितीश कुमार को बहुत महंगा पड़ने वाला है आने वाले चुनाव में यही युवा मुंह तोड़ जवाब देने का काम इस दमनकारी सरकार को करेगी

किशनपुर प्रखंड के मेहासिमर में जीविका द्वारा संचालित कृषि यंत्र बैंक का जिलाधिकारी द्वारा किया गया निरीक्षण

ब्युरो/दैनिक शुभ भास्कर सुपौल/जिले में किशनपुर प्रखंड के मेहासिमर पंचायत के अर्पण जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ के अंतर्गत जीविका द्वारा संचालित कृषि यंत्र बैंक (कस्टम हायरिंग सेंटर) का जिलाधिकारी, सुपौल, श्री कौशल कुमार, (भा0प्र0से0) ने निरीक्षण किया एवं कृषि से सम्बन्धित सभी यंत्रों, उसके उपयोग एवं रख रखाव के बारे में उपस्थित जीविका दीदी से जानकारी प्राप्त की। साथ ही उपस्थित जीविका दीदी से संवाद करते हुए जिलाधिकारी महोदय ने उपलब्ध कृषि उपकरण के अधिक से अधिक उपयोग कर इसके माध्यम से अपने कृषि संबधित गतिविधि को करने पर जोर दिया। इसके बाद जिलाधिकारी महोदय किशनपुर प्रखंड अंतर्गत सुखासन पंचायत के गोसीनामा पोखर में जीविका दीदी द्वारा संचालित किए जा रहे मत्स्य उत्पादक समुह का भी निरीक्षण किया एवं उपस्थित दीदी के साथ बातचीत कर इसके बारे में जानकारी प्राप्त किए । जिलाधिकारी महोदय ने जीविका दीदी द्वारा किए जा रहे मछली पालन कार्य की सराहना करते हुए उन्हें और भी आजीविका से संबधित गतिविधि को प्रारंभ करने हेतु प्रेरित किया । इसके साथ ही संबधित विभाग के द्वारा हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

ख़ास ख़बर

सुमन कुमार सिंह तीसरी बार बने जदयू के किसान एवं सहकारिता प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष

मधेपुरा।अपने संगठन कौशल एवं कर्मठ शीलता के कारण प्रदेश नेतृत्व ने उन्हें फिर तीसरी बार जदयू के किसान प्रकोष्ठ का अध्यक्ष बनाया है मालूम होगी सुमन जी के पिताजी स्वर्गीय मधुसूदन सिंह भी जनता दल के किसान प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रहे थे और वे शरद जी के काफी करीबी थे सुमन कुमार सिंह ने तीसरी बात निर्वाचन पर माननीय नीतीश कुमार राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा किसान प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मनोज कुशवाहा मधेपुरा के सांसद दिनेश चंद्र यादव जी आलमनगर विधायक नरेंद्र नारायण यादव जी विधान परिषद सदस्य संजय कुमार सिंह एवं प्रदेश महासचिव निखिल मंडल, बिधायक निरंजन मेहता, जिला अध्यक्ष रमेश ऋषि देव पूर्व जिला अध्यक्ष विजेंद्र नारायण यादव एवं बीबी प्रभाकर सत्यजीत यादव, गुड्डी देवी को भी बधाई दिया साथ हिं श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व ने जो जिम्मेवारी दी है उसे इमानदारी पूर्वक निर्वहन करुंगा एवं मधेपुरा में पार्टी को और धारदार बनाने की जी तोर कोशिश करूंगा सुमन कुमार सिंह के निर्वाचन पर मधेपुरा जिला जदयू के नेताओं ने खुशी जाहिर की ।रूपेश कुमार पप्पू झा सुधीर यादव प्रशांत मेहता साकेत सिंह आलमनगर प्रखंड अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह प्रदीप मंडल अमोद मेहता राजीव यादव बेचू सिंह पूर्व प्रमुख राकेश कुमार सिंह मंजेश कुमार सिंह ललन कुमार यादव विनय कुमार हरेंद्र मंडल ने हैट्रिक बनने पर उन्हें बधाई दी

श्रावणी मेला से पूर्व श्रद्धालुओं को सुरक्षा व्यवस्था को मजबूती प्रदान करने हेतु SDO एवं DSP जयनगर ने किए कमला नदी की स्थल निरिक्षण

जयनगर /मधुबनी/दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)/जयनगर, श्रावणी मेला से पूर्व कमला बराज के समिप कमला नदी में स्नान स्थल का अनुमंडल पदाधिकारी जयनगर वीरेंद्र कुमार एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जयनगर विप्लव कुमार के नेतृत्व मे निरिक्षण किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी जयनगर वीरेंद्र कुमार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जयनगर विप्लव कुमार और सिचाई विभाग के सहायक अभियंता दीपक कुमार एवं कनीय अभियंता के मौजूदगी में जल भरने के लिए आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को सुरक्षा व्यवस्था प्रदान करने के लिए स्थल का समिक्षा कर कई दिशा निर्देश अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने दिए।जैसे असुरक्षित स्थानों को घेराबंदी कर लाल कपड़ा लगाने और श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्थानों स्नान करने के लिए निर्देशित करने के लिए बैनर लगाने के अलावे ध्वनी विस्तार यंत्र से प्रचार प्रसार करने साथ साथ कई दिशा निर्देश जारी किया गया। स्थल पर भाकपा-माले के प्रखंड सचिव भूषण सिंह ग्राम रक्षा दल के प्रदेश अध्यक्ष रामप्रसाद राउत श्रावणी मेला समिती के मनोज चौधरी रंजीत राय अजय कुमार पंकज कुमार के अलावे कई लोग मौजूद थे। ज्ञात हो कि श्रावण मास लाखों की संख्या में कमला नदी से जल भर कर कपालेश्वर स्थान एवं शिलानाथ स्थान तथा कई धार्मिक स्थानों पर जलाभिषेक करने हेतु लोग जाते हैं।

'जल-जीवन हरियाली' को लेकर डीडीसी की बैठक में जल संरक्षण, रेन वाटर हार्वेस्टिंग पर की चर्चा

अररिया।जल जीवन हरियाली अभियान अंतर्गत प्रत्येक माह के प्रथम मंगलवार को 'जल-जीवन हरियाली' दिवस का आयोजन किया जाता है। आज जल जीवन हरियाली दिवस का आयोजन शिक्षा विभाग, अररिया द्वारा समाहरणालय स्थित डीआरडीए सभागार में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त श्री मनोज कुमार ने की। कार्यक्रम में विशेष रूप से जल संरक्षण, पौधारोपण, रेन वाटर हार्वेस्टिंग पर चर्चा की गई। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री राज कुमार सहित संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी गण, सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी उपस्थित थे।

कालाजार उन्मूलन अभियान- जेनेवा से आई अन्तर्राष्ट्रीय टीम ने जिले के विभिन्न प्रखंडों का किया निरीक्षण

एक टीम का नेतृत्व डीवीडीसीओ तो दूसरे टीम का नेतृत्व डब्ल्यूएचओ ने किया

पूर्णिया ।कालाजार उन्मूलन को लेकर सरकार प्रतिबद्ध है। इस दिशा में विभिन्न स्तर पर कार्य किया जा रहा है। जिसमें हम सभी की सहभागिता सुनिश्चित करनी पड़ेगी। तभी देशव्यापी मुहिम को शत प्रतिशत सफलता मिलेगी। इसको लेकर जिले के विभिन्न प्रखंडों के कई गांवों का जेनेवा से आयी एक अन्तर्राष्ट्रीय टीम के द्वारा दौरा किया गया। इस अवसर पर जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ आरपी मंडल, डीवीबीसीओ रविनंदन सिंह, डीवीबीडी सलाहकार सोनिया मंडल, केयर इंडिया के डीपीओ चंदन कुमार, सिफार के धर्मेंद्र रस्तोगी, मलेरिया कार्यालय के रामकृष्ण परमहंस सहित संबंधित स्वास्थ्य केंद्र के एमओआईसी, बीएचएम, बीसीएम उपस्थित थे।जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ राजेन्द्र प्रसाद मंडल ने बताया कि जेनेवा से आई टीम के द्वारा जिले के बनमनखी एवं जलालगढ़ प्रखंड अंतर्गत कालाजार प्रभावित गांवों का डोर टू डोर भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। दरअसल ज़िले से कालाजार जैसी बीमारी को जड़ से मिटाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे जागरूकता अभियान की भूमिका अहम होती है। भ्रमण के दौरान चिकित्सा पदाधिकारी, बीएचएम, बीसीएम, आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सेविका सहित संबंधित ग्रामीणों से बातचीत कर जानकारी ली गई। वहीं कालाजार से बचाव के लिए आईआरएस छिड़काव वाले घरों में जाकर इससे संबंधित जानकारी के साथ ही कालाजार बीमारी से ठीक हुए मरीजों से मुलाकात कर बचाव को लेकर जानकारी दी गई तथा फीडबैक ली गयी। मालूम हो कि जिले के पोस्ट कालाजार डर्मल लीशमैनियासिस (पीकेडीएल) और विसरल लीशमैनियासिस (वीएल) के इलाजरत मरीज़ों को सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में रोगियों की जांच, इलाज एवं रहने या भोजन की व्यवस्था पूरी तरह से निःशुल्क है। डब्ल्यूएचओ के क्षेत्रीय समन्वयक डॉ दिलीप कुमार ने बताया कालाजार एक वेक्टर जनित रोग है जो संक्रमित बालू मक्खी के काटने से होता । यह संक्रमित बालू मक्खी कालाजार रोग के कारक परजीवी लीशमेनिया डोनोवानी को एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक फैलाती है। यह बालू मक्खी कम प्रकाश वाले, नम जगहों, मिट्टी की दीवारों, मवेशी बांधने के स्थान आदि पर पाए जाते हैं। कालाजार उत्पन्न करने वाले परजीवी के संक्रमण से रोगी के शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है। जिससे वह अन्य दूसरे गंभीर रोगों से ग्रसित हो सकते हैं। ज़िले के किसी भी व्यक्ति में कालाजार से संबंधित लक्षण दिखे तो उसे अनिवार्य रूप से कालाजार की जांच करानी चाहिए। ताकि समय रहते बीमारी की जानकारी मिल सके।अंतर्राष्ट्रीय टीम में जेनेवा की ओर से डॉ डेनियल व दिल्ली एवं पटना से आए डॉ ध्रुव पांडेय, डॉ रमेश धीमान, डॉ हरिश्चंद्र श्रीवास्तव, डॉ राजेश पांडेय एवं विकास सिन्हा के द्वारा मलेरिया कार्यालय, सिविल सर्जन कार्यालय, अस्पताल के कालाजार वार्ड, जलालगढ़ पीएचसी के अलावा मिश्री नगर गांव का भ्रमण किया गया। जिसका नेतृत्व जिला वैक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ राजेन्द्र प्रसाद मंडल ने किया। दूसरे टीम में डॉ सौरभ जैन, डॉ किनसुख मिश्रा, डॉ दिनेश दिवाकर, डॉ देवेंद्र सिंह तोमर ने बनमनखी के विनोवा ग्राम का भ्रमण किया। जिसका नेतृत्व डब्ल्यूएचओ के क्षेत्रीय समन्वयक डॉ दिलीप कुमार झा ने किया। हालांकि दोनों टीम के सदस्यों ने देर शाम को धमदाहा अनुमंडलीय अस्पताल का निरीक्षण किया। जिसमें विभिन्न मुद्दों को लेकर स्थानीय एमओआईसी सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मियों के साथ निरीक्षण किया गया।

जिला राजद कार्यालय शुभारंभ व 27 स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आज- मनीष यादव

अररिया।राष्ट्रीय जनता दल के 27वां स्थापना दिवस 5 जुलाई के शुभ अवसर पर जिला राजद कार्यालय के नए भवन में शिफ्ट करने के बाद पहली दफे जिला राजद अध्यक्ष नई कार्यसमिति के सभी सदस्यों की बैठक करेगें।

प्रखण्ड राजद अध्यक्ष मो.नसीम ने बताया कि अररिया कॉलेज के समीप रानीगंज रोड में राजद का जिला कार्यालय नए भवन में शिफ्ट हुआ है।

स्थापना दिवस मनाने के बाद जिला अध्यक्ष मनीष यादव सबों से रू ब रू होंगे। संगठन पर चर्चा के साथ आगामी लोकसभा चुनाव आदि मुद्दों पर भी व्यापक चर्चा होगी। तैयारियां पूरी कर ली गई है। बता दें कि आगामी कार्यक्रम दिनांक 05/07/2023 रोज बुधवार को राष्ट्रीय जनता दल स्थापना दिवस एवं नवगठित कमिटी की बैठक की सफलता की तैयारी पर एक दिन पूर्व जिलाध्यक्ष मनीष यादव ने बैठक की थी

जिसमें प्रधान महासचिव मनोज कुमार विश्वास जिला उपाध्यक्ष सरवर आलम साहब, प्रखंड अध्यक्ष मो. नसीम जी, नगर अध्यक्ष सुशील कुमार विश्वास, आपदा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मनीष जी , सुनील जी,अजय यादव जी जिला प्रवक्ता जगदीश झा गुड्डु, रामनारायण विश्वास मौजूद थे ।


लालू राबड़ी जिन्दाबाद!
तेजस्वी जिन्दाबाद!
राष्ट्रीय जनता दल जि
RJD
राष्ट्रीय जनता दल का
27वां स्थापना दिवस
05 जुलाई 2023 के शुभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम एवं नवगठित जिला कार्यकारिणी की प्रथम बैठक में पधारे सभी पदाधिकारियों एवं सम्मानित सदस्यों का
हार्दिक स्वागत है
निवेदक - मो0 नसीम
प्रखण्ड अध्यक्ष, राजद, अररिया

भागलपुर जंक्शन के सेंट्रल केबिन मौलाना चक के पास बने रेलवे क्रासिंग मार्ग कि सड़क को मरम्मत कारवाने एवं वहां पर लाइट लगवाने के संबंध में

श्री निशिकांत दुबे जी
लोक सभा सांसद
गोड्डा

रिज़वान खान अध्य
सामाजिक कार्यकर्त्ता
भागलपुर

भागलपुर,दिनांक 4-7-2023/माननीय निशिकांत दुबे जी लोक सभा सांसद गोड्डा को पत्र लिख कर भागलपुर विकास मोर्चा के संयोजक रिज़वान खान ने कहा है कि लिख कर भागलपुर जंक्शन के सेंट्रल केबिन मौलाना चक के पास बने रेलवे क्रासिंग मार्ग का रास्ता बहुत दिनों से ख़राब है,यह रेल क्रासिंग रास्ता भागलपुर में रेल पटरी बिछने के समय 150 वर्ष से भी ज्यादा का समय हो गया हैं,भागलपुर में रेल पटरी और रेलवे क्रासिंग मार्ग उस समय बिचाई गई थी,ज़ब अंग्रेज़ कलकत्ता को देश कि राजधानी बना रहें थे, उस समय हमारे भागलपुर रूट से हो कर कलकत्ता जाना बहुत आसान हुआ करता था,उस समय से लेकर आज तक यह क्रासिंग मार्ग जस का तस बना हुआ है, ज़ब कि देश में सभी रेल क्रासिंग मार्ग के रास्ता को सुरक्षा युक्त बना कर गेट लगा कर कर्मचारी कि ड्यूटी लगा दी गई है

ताकी कोई रेल हादसा ना हो सके,लेकिन भागलपुर के मौलाना चक के इस रेलवे क्रासिंग मार्ग के रास्ता को ठीक करना तो दूर कि बात है,स्थानीय अधिकारी भी इस परेशानी को देख जान कर भी अंदाज़ कर रहें हैं,लोगों को रेलवे क्रासिंग मार्ग से आने जाने में काफ़ी परेशानी हो रही है,इस रेलवे क्रासिंग मार्ग से हर समय ट्रेन का आना जाना लगा रहता है भगवान भरोसे लोग अपनी जान पर खेल कर क्रासिंग रास्ता से होकर गुज़रते हैं,क्रासिंग रास्ता पर रौशनी लाइट व्यवस्था नहीं है, जिस से क्रासिंग मार्ग पर रात में अंधेरा रहता है,जिससे रास्ते से गुज़ारने वालों को ट्रेन के आने जाने का पता नहीं चलता है

शिक्षक हृदय पासवान के आकस्मिक निधन पर जिप चेयरमैन ने जताया शोक

सिकटी।सिकटी के बरदाहा के शिक्षक हृदय पासवान के आकस्मिक देहांत की खबर सुनते ही अररिया के जिला परिषद अध्यक्ष आफताब अजीम उर्फ पप्पू जी बरदाहा पहुचकर उनके परिजनों से मिलकर शोक संवेदना प्रकट किया।पप्पू अजीम ने दुःख जताते हुए कहा की इतनी कम उम्र सबको छोड़ कर चले जाना बहुत ही दुखद है.हृदय पासवान एक अच्छे विचारमान व शिक्षक सहित शिक्षित व्यक्ति थे उनकी कमी हमेशा खलती रहेगी। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोक संतप्त परिजनों को इस अपूरणीय पारिवारिक क्षति को सहन करने की असीम शक्ति प्रदान करें ।मौके पे चिदानन्दम उर्फ बबलू , शिक्षक रंजय पासवान, दीपक राज, शिक्षक दिनेश यादव, अखलेश मंडल, अरूण मंडल, आदि सभी मौजूद रहे ।

टंकेश्वर सुईया में फारबिसगंज काँवरिया सेवा शिविर का सांसद व नप चेयरमैन ने किया उद्घाटन

टंकेश्वर।महादेव का प्रिय मास सावन की शुरुआत हो गई। भगवान भोलेनाथ के नगरी तक पहुंचने वाले भक्तों की सेवा में बीते 20 सालों से जुटे "फारबिसगंज कावंरिया सेवा शिविर" द्वारा टंकेश्वर महादेव, कटोरिया में पुनः लगाए गए सेवा शिविर विधिवत शुभारंभ किया गया। इस सेवा शिविर के शुभारंभ मौके पर अररिया के लोकप्रिय सांसद प्रदीप कुमार सिंह की अगुआई में फारबिसगंज नगर परिषद की चेयरमैन वीणा देवी यादव द्वारा शिविर का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर उपास्थित अररिया लोकसभा संयोजक समरनाथ सिंह समर ने बोल बम की यात्रा कर रहे कांवर यात्रियों से अपील किया कि 20 सालों से कांवरियों की सेवा में तत्पर रहे "फारबिसगंज कावंरिया सेवा शिविर" में बेहिचक आएं और सेवा का मौका दें। यहां सारी सुविधा निश्शुल्क है। मौके पर भाजयुमो जिला अध्यक्ष सह जिला पार्षद आकाश राज जी, समाजसेवी लाल झा जी, जिलापरिषद सदस्य, भाजयुमो मंत्री अमन राज आदि सेवा शिविर के आयोजनकर्ता व भोले के भक्त मौजूद रहे। सांसद श्री सिंह व मुख्य पार्षद वीणा देवी यादव ने कहा कि ÷फारबिसगंज कावंरिया सेवा शिविर÷ आप सभी भक्त का इस सेवा शिविर में स्वागत व अभिनंदन है। बोल बम बोल बम। हर हर महादेव।

नगर परिषद जोगबनी की मुख्य पार्षद रानी देवी व पूर्व विधायक देवयंती यादव ने पवित्र देवभूमि पर दो शिविर का किया उद्घाटन

देवभूमि।देवों के देव महादेव की देव भूमि व देव नगरी-देवघर-वैद्यनाथ धाम के पवित्र देवभूमि में जोगबनी नगर परिषद की माननीया मुख्य पार्षद रानी देवी व पूर्व नरपतगंज की पूर्व विधायक-देवयंती यादव के द्वारा जोगबनी-बिराटनगर कांवरिया सेवा संघ व दिल्ली-सिलीगुड़ी कांवरिया सेवा संघ (निशुल्क सेवा शिविर) का फीता काटकर भव्य उद्घाटन व शुभ आरम्भ किया गया। इस शुभ अवसर पर देवभूमि की भूमि पर भाजपा कोषाध्यक्ष सह मुख्य पार्षद प्रतिनिधि, खांटी भाजपाई रोहित यादव,सभी भाजपा व भाजयुमो नेतागण अविनाश झा,सुनील यादव, नवीन यादव,मिथिलेश साह, राजीव झा, अनुभव सिंह, मनीष सोनी,विशाल यादव,विजय यादव,गौरव गुप्ता,सभी भक्तगण उपस्थिति थे।बोल बम-बोल बम नारों से जहां शिविर गुंजायमान हो रहा था वहीं भाजपा नेता रोहित यादव ने कांवरियों से अपील की कि वे शिविर में आएं और सेवा का मौका दें। सभी वस्तु आप सबों के लिए नि~शुल्क है।

आगमन पनोरमा नगर रामपुर के किडजी स्कूल में विश्व प्रख्यात वायलियन वादक जौहर साहब पधारे

वायलियन वादक उस्ताद जौहर अली ने सिखाया सभी स्कूली बच्चों को संगीत से जुड़े विभिन्न सुर

छातापुर । मंगलवार तय समय पर रामपुर, छातापुर(सुपौल)के पनोरमा नगर स्थित किडजी शिक्षण संस्थान में स्कूली बच्चों के बीच विश्व प्रख्यात वायलियन वादक उस्ताद जौहर अली जी एवं श्री अरकोदीप दास जी का आगमन हुआ है।

मुख्य अतिथि पैनोरमा ग्रुप के एमडी संजीव मिश्रा ने कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रवज्जवलित कर किया,कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों को अंगवस्त्र पुष्प गुच्छ से स्वागत की गई।

अपने उद्बोधन में श्री मिश्रा ने सभी अतिथि के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 'उम्मीद' दुनियां के सबसे ताकतवर शब्दों में से एक है. सबसे अच्छी बात ये कि ये आपको हमेशा दुनिया बदलने की ताकत देता है. शिक्षा का हब सिरमौर छातापुर बने हमारी ये मुहिम जारी है.

कार्यक्रम में रामपुर के किडजी स्कूल में विश्व प्रख्यात वायलियन वादक उस्ताद जोहर अली ने सभी स्कूली बच्चों के बीच संगीत से जुड़े विभिन्न सुर को सिखाया इसके लिए हम उनके पूरी टीम का आभार व्यक्त करते हैं व शुभकाभनाएँ भी देता हूँ. पनोरमा परिवार इसके लिए ऊर्जा से लबरेज है. निश्चित रूप से हम नया इतिहास लिखेंगे. मैया का आशीर्वाद ही हमारी ताकत है.

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा प्रदेश भर में शिक्षक अभ्यर्थियों को गुमराह करने के विरुद्ध में धरना

एकदिवसीय धरना
दिनांक - 4 जुलाई, 2023
अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, भागलपुर

भागलपुर/आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा पूरे प्रदेश भर में डोमिसाइल नीति हटाने एवं शिक्षक अभ्यर्थियों को गुमराह करने के विरुद्ध धरना दिया गया जिसमें भागलपुर जिला मुख्यालय रानी लक्ष्मीबाई चौक (मनाली) पर धरना का आयोजन किया गया।वही जिला संयोजक रोहित राज ने कहा कि शिक्षक बहाली प्रक्रिया के बीच मैं डोमिसाइल नीति को बदलना तकनीकी रूप से गैरकानूनी है जिससे बिहार के छात्र युवाओं के लिए अवसर की कमी हो जाएगी जहां सभी राज्य अपने राज्य में केवल अपने छात्र युवाओं को भी प्राथमिकता देते के लिए डोमिसाइल नीति को लागू करते हैं तो वहीं सभी गैर हिंदी राज्य अपने स्थानीय भाषा का ज्ञान भी आवश्यक कर देते हैं। इसीलिए बिहार सरकार से विद्यार्थी परिषद मांग करती है इस नीति को वापस लेते हुए सिर्फ बिहारी छात्रों को ही अवसर दिया जाए।वही विभाग सह संयोजक कुणाल पाण्डेय ने कहा बिहार में नहीं है मेघा की की कमी शिक्षक बहाली के लिए ऑल इंडिया लेवल पर वैकेंसी खोलने जाने का जो शिक्षा मंत्री ने तर्क दे रहे हैं वह बहुत ही शर्मनाक है बिहार में मेघा की कोई कमी नहीं है इसीलिए विद्यार्थी परिषद बिहार सरकार से मांग करती है ऐसे शिक्षा मंत्री को तुरंत बर्खास्त करें।शिक्षा मंत्री गणित के लिए अभ्यर्थियों की कमी की बात करते हैं जबकि पूरे देश और दुनिया में गणित के क्षेत्र में बिहारी छात्रों का बोलबाला रहता है। नीतीश सरकार सत्ता के लोग में आकर पूर्ण तरह से बिहारी आत्मीयता के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं यह विद्यार्थी परिषद कभी सहन नहीं करेगा।शिक्षक बहाली की नियमावली और सिलेबस में जिस प्रकार परिवर्तन हो रहे हैं उससे शिक्षक अभ्यर्थी परेशान है और कंफ्यूज है अभी तक 8 बारी विज्ञापन में संशोधन किया जा चुका है

खास ख़बर

रेल परिचालन बाधित होने के बाद मधुपुर स्टेशन के प्लेटफार्म के फर्श पर बैठकर रेल यात्रियों ने व्यतीत किया समय

दैनिक शुभ भास्कर/संवाददाता/मधुपुर/देवघर/ पूर्व रेलवे के आसनसोल मधुपुर रेलखंड पर रविवार देर शाम को हुई तेज बारिश और गर्जन ने ट्रेन की रफ्तार को रोक दिया। बताया जाता है कि रविवार शाम करीब 8ः00 अचानक तेज बारिश के साथ गजल शुरु हुआ। आसमानी बिजली चमकने के साथ हुए गर्जन से विद्यासागर और जामताड़ा स्टेशन के बीच सिग्नल में तकनीकी खराबी आ गई। वज्रपात सिग्नल मीटर में खराबी आ गई। इसके बाद पैनल बोर्ड से रेलवे ट्रैक और सिग्नल का पॉइंट काम करना बंद हो गया। विद्यासागर स्टेशन के निकट 13 नंबर और 14 नंबर पिंडारी रेलवे फाटक दोनों काम करना बंद कर दिया। इसके बाद आसनसोल से पटना जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन ठप हो गया । रेल मार्ग पर चलने वाली ट्रेन विभिन्न स्टेशनों पर खड़ी हो गई । ट्रेन बंद होने से यात्रियों की परेशानी बढ़ गई । तकनीकी खराबी के कारण आसनसोल मुंबई मेल, हावड़ा रक्सौल मिथिला एक्सप्रेस, समेत कई ट्रेन का परिचालन विलंब से हुआ । सूचना पर विभागीय रेल अधिकारी और कर्मी सिग्नल पॉइंट पैनल बोर्ड ठीक किया। इसके बावजूद करीब डेढ़ घंटे तक अप रेल परिचालन बाधित रहा । ट्रेन परिचालन प्रारंभ होने के बाद ही रेल यात्रियों ने राहत की सांस ली । इधर घटना को लेकर रेल अधिकारी सोमवार को मामले की जांच में जुट गए है ।

गोपालपुर में भाजपाइयों ने चलाया महा जनसंपर्क अभियान

दैनिक शुभ भास्कर/सुष्मिता कुमारी/ नाला (जामताड़ा)/ महा जनसंपर्क अभियान के तहत नाला विधानसभा क्षेत्र के गोपालपुर में भाजपा की ओर से ग्रामीणों से जनसंपर्क किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष जितेन राउत ने की । इस दौरान मोदी सरकार के 9 साल के विकास कार्यों के बारे में लोगों को अवगत कराया गया।साथ ही केन्द्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी गई। इस क्रम में ग्रामीणों के बीच केंद्र सरकार के 9 साल का विकास पर्चा बांटा गया। मौके पर किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विष्णु मंडल, एससी मोर्चा के जिला महामंत्री विश्वनाथ दास,युवा नेता रंजीत तिवारी ,बुधन भंडारी सहित अन्य कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद थे।

बम विस्फोट में चार लोग घायल हो गये. दिनहाटा गोसानी मारी कंठाल ताला क्षेत्र

दिनहाटा/पंचायत चुनाव बस कुछ ही दिन दूर हैं। इस बीच बम विस्फोट में दो बच्चों समेत चार लोग घायल हो गये. यह घटना मंगलवार को दिनहाटा ब्लॉक नंबर 2 ग्राम पंचायत के कंथाल ताला इलाके में घटी. घायलों का फिलहाल दिनहाटा अस्पताल में इलाज चल रहा है. घटना से इलाके में सनसनी फैल गयी.दिनहाटा थाने की पुलिस और केंद्रीय बल दौड़ पड़े. छत्तर मिया, मुजफ्फर मिया व दो अन्य बच्चे घायल हो गये. घटना की जानकारी के अनुसार दिनहाटा ब्लॉक नं. गोसानीमारी कंथलतला इलाके में सत्तार मिया के घर पर बम विस्फोट हुआ. मौके पर एक बच्चे समेत चार लोग घायल हो गये. घायलों को तुरंत दिनहाटा उपजिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस उस घर पर बम विस्फोट के उद्देश्य की जांच कर रही है। जब घायलों को दिनहाटा महाकुमा अस्पताल में भर्ती कराया गया तो डॉक्टर ने एक की हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया. पुलिस सूत्रों के अनुसार, सत्तार मिया के घर पर हुए बम विस्फोट की घटना में घायल हुए लोगों को दिनहाटा उपमंडल अस्पताल लाया गया. संयोगवश, दिनहाटा गोसानी मारी कंथल ताला इलाके में हुए बम विस्फोट में दो बच्चों समेत चार लोग घायल हो गये. पुलिस घटना की जांच कर रही है. हालांकि, विस्फोट का कारण अभी भी स्पष्ट नहीं है।

राजकीय श्रावणी मेला का विधिवत हुआ उदघाटन,राज्य सरकार के निर्देशानुसार राजकीय श्रावणी मेला के दौरान वीआईपी, वीवीआईपी एवं आउट ऑफ टर्न दर्शन पूर्णरूप से रहेगा बंद

विश्व प्रसिद्ध राजकीय श्रावणी मेला, 2023 का कृषि मंत्री बादल पत्रलेख के द्वारा उद्घाटन किया गया

दैनिक शुभ भास्कर/मनीष बरणवाल/देवघर/जामताड़ा/विश्व प्रसिद्ध राजकीय श्रावणी मेला, 2023 का माननीय मंत्री, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड सरकार बादल पत्रलेख के द्वारा उद्घाटन किया गया। इस दौरान झारखण्ड सीमा पर अवस्थित दुम्मा कांवरिया पथ श्रावणी मेला का विधि-विधान पूर्वक शुभारंभ कराने हेतु 11 वैदिक पुरोहितों द्वारा बाबा बैद्यनाथ की पूजा के साथ विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला, 2023 का शुभारंभ कराया गया। इसके अलावे पूजा समाप्ति के उपरांत अतिथियों द्वारा फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर श्रावणी मेला, 2022 उद्घाटन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान कार्यक्रम की शुरूआत उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री द्वारा स्वागत भाषण के साथ किया गया। अपने स्वागत भाषण में उपायुक्त ने माननीय मंत्री के साथ सभी माननीय अतिथियों का स्वागत करते हुए मेला में कृत प्रशासनिक एवं नागरिक सुविधाओं से संबंधित व्यवस्थाओं का परिचय दिया। मौके पर उपायुक्त द्वारा जानकारी दी गयी कि 19 वर्षों के बाद ऐसा श्रावणी मेला आया है, जिसमें 08 सोमबार पड़ेंगे। राज्य सरकार के निर्देशानुसार विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला में बाबा नगरी देवघर आने वाले देवतुल्य श्रद्धालुओं को हर संभव सुविधा मुहैया कराने के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध है। वहीं कांवरिया पथ में गंगा नदी का बालू बिछाया गया है ताकि श्रद्धालुओं को चलने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही सभी के सहयोग से जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि देवघर आने वाले देवतुल्य श्रद्धालुओं को सुलभ व सुरक्षित जलार्पण कराया जा सके। वहीं राज्य सरकार के निदेशानुसार राजकीय श्रावणी मेला के दौरान वीआईपी, वीवीआईपी एवं आउट ऑफ टर्न दर्शन पूर्णरूप से बंद रहेगा। ऐसे में आवश्यक है कि आप सभी इस दिशा में सहयोग करें, ताकि बाबाधाम आने वाले देवतुल्य श्रद्धालुओं को जलार्पण में किसी प्रकार की कठिनाईयों का सामना न करना पड़े। इसके पश्चात माननीय मंत्री बादल पत्रलेख द्वारा अपने संबोधन में सभी का संबोधन करते हुए कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी के अगुवाई में हम सभी मिलकर बाबा के भक्तों का स्वागत करेंगे। राज्य सरकार व जिला प्रशासन के साथ-साथ हम सभी के लिए यह अवसर है कि वे अपनी जिम्मेदारियों को समझें। सभी के भागीदारी के बिना इतना बड़ा आयोजन कतई सफल नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा सरकार आपके साथ है। आइये कदम से कदम मिलाकर चलें और अपने पुनीत कर्तव्य का पालन करें। देवघर अपने भव्य स्वरूप के साथ बाबाधाम आने वाले सभी कांवरियों के अभिनंदन के लिए तैयार है। साथ ही विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला को ओर भी कैसे बेहतर बनाया जाय, इस पर राज्य सरकार कार्य कर रही है। वहीं पिछले वर्ष की तुलना में अबकि दोगुना श्रद्धालुओं की आने की संभावना है। ऐसे में सभी मिलकर मेले का सफलता से आयोजन करें, ताकि यहां आने वाले देवतुल्य श्रद्धालु अच्छी अनुभूति प्राप्त कर अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान करें।कार्यक्रम के दौरान विधायक नारायण दास ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि राजकीय श्रावणी मेला में बाबाधाम आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मिले ये हम सभी की कामना है। इसके अलावे पर्यटन मंत्री के प्रतिनिधि संजय शर्मा, बीस सूत्री उपाध्यक्ष मुन्नम संजय, पूर्व मंत्री सुरेश पासवान एवं धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक ने अपने संबोधन में श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए सभी को शुभकामनाएं दी। वहीं कार्यक्रम के अंत उप विकास आयुक्त डॉ कुमार ताराचन्द ने धन्यवाद ज्ञापित किया।इस अवसर पर उपरोक्त के अलावे संथाल परगना डीआईजी सूदर्शन भगत, पुलिस अधीक्षक श्री सुभाष चन्द्र जाट, अनुमंडल पदाधिकारी दीपांकर चौधरी, प्रशिक्षु आईएएस अनिमेष रंजन, जिला नजारत उपसमाहर्ता परमेश्वर मुण्डा, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी रवि कुमार, साथ-साथ डीसी सेल के अधिकारी, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी व संबंधित विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि व कर्मी आदि उपस्थित थे।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता रफीक शबनम को पनाहकोला स्थित कब्रिस्तान में किया गया सुपुर्द ए खाक

दैनिक शुभ भास्कर/ संवाददाता/मधुपुर/देवघर/कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शहर के नामी-गिरामी शख्सियत रफीक शबनम का निर्धन 2 जुलाई रविवार को शाम 5 बजे हो गया था। मौत की खबर मिलते ही शहर के सभी राजनीतिक, सामाजिक कार्यकर्ता नेता उनकी एक झलक देखने के लिए उनके आवास पहुंचें। अपने पीछे अपनी पत्नी 2 पुत्र के से भरे पड़े परिवार को छोड़कर वे चले गए।

उनकी सोमवार को पनाहकोला कब्रिस्तान में सुपुर्द खाक किया गया। मरहूम के जनाजे की नमाज हजरत मौलाना हाफिज कुतुबुर रहमान फैजी ने पढ़ाई। मरहूम की जनाजे की नमाज में काफी संख्या में सामाजिक, कार्यकर्ता राजनीतिक नेता कार्यकर्ता उल्लमा ए कराम ने शिरकत की। जिसमें पूर्व सांसद फुरकान अंसारी, पूर्व सांसद प्रोफेसर सलाउद्दीन अंसारी, पूर्व विधायक उदय शंकर सिंह उर्फ चुना सिंह, कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रोफेसर उदय प्रकाश, कांग्रेस जिला मीडिया प्रभारी दिनेश मंडल, पूर्व नप अध्यक्ष फैयाज केशर, लाओपाला फैक्ट्री के पीआरओ हेमंत नारायण सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मलाई बॉस, मोहम्मद इदरीस अंसारी, भाजपा नेता अशोक गौड़, तनवीर उल हसन, मोहम्मद शब्बीर अंसारी, हाजी सुल्तान अहमद, पूर्व वार्ड पार्षद सुल्तान अहमद दिलीप, कांग्रेस पूर्व नगर अध्यक्ष सादिक अंसारी, प्रिंस समद, शकील अख्तर अंसारी, इबरार ताबिंदा, हाजी अताउल रहमान, सरफराज अहमद, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष शाकिर अंसारी, काफी तादाद में उल्लमा ए कराम, अधिवक्ता गण, सामाजिक कार्यकर्ता जनाजे की नमाज में शामिल हुए।

वही मधुपुर प्रखंड के बड़ा नारायणपुर नवाब मोड के मोहम्मद इसराइल अंसारी के बेटा मोहम्मद शफीक अंसारी का दिल का दौरा पड़ने से 2 जुलाई को मौत हो गई थी।

मृतक सफीक अंसारी को भी बड़ा नारायणपुर कब्रिस्तान में नम आंखों के साथ सुपुर्द खाक किया गया।

मृतक की जनाजे की नमाज हजरत मौलाना कमरुद्दीन साहब ने पढ़ाई और उन्हें नम आंखों के साथ सुपुर्द खाक किया गया।

वीरशासन जयंती

भागलपुर/जिनदेशना का एक अंश भी आत्मा को परमहंस बना सकता है मुनि श्री विशूल्यसागर वीर का शासन जयवंत रहे। यदि हमारी भगवान जयंती का अर्थ में निरंतर, आस्था, निष्ठा, श्रद्धा बनी रही तो ये शासन जयवंत होगा रहेगा। यदि जिन देशना का एक अंश भी हमारी आत्मा की परमहंस बना सकता है भगवान की %देशना अक्षरात्मक नही है लेकिन सर्वभाषात्मक और सर्वांग से खिरती है जो 18 महाभाषा और 700 लघु भाषा से समन्वित होती है भगवान की देशना को झेलने का अवसर गणधर परमेष्ठी को होता है भगवान की ओंकार भयी देशना में सात तत्व, छ्- द्रव्य, पंचास्तिकाय, नौ पदार्थों का वर्णन, षट्लेश्या, चार गतियों का वर्णन जिसका विस्तार गणधर स्वामी करते है। उन्होंने कहा कि भाग्य हमें दिखाई नही देता लेकिन पुरुषार्थ करने से खिल जाता है हमें भाग्य, भाव, भगवान तीनों दिखाई नही देते. लेकिन जब हमारी अंतर्दृष्टि चेतना में चली जाती है। तब हमें तीनों दिखते है सुंदर भावों के समायोजन से भाग्य बनता है भाग्य जब भावों के साथ चमकता है तो भगवान प्रकट हो जाता है ये सारा का सेर सारा खेल भावों का है। अपने जीवन को चाहे तो ञ्ज हम प्रभुता से भर सकते है और चाहे तो पशुता से भर सकते है दोनों ही रास्ते हमारे पास है हमें इस मनुष्यगति के चौराहे से क्या चुनना है ये हमारे ऊपर निर्भर करता है भाग्य चमकाने के लिए सत्कर्म का पानी तो देना ही पड़ेगा जैसे पानी न मिलने से शरीर सूख जाता है वैसे ही सत्कर्म रूपी पानी न मिलने से मानव जीवन रूपी शरीर सूख जाता है। जीवन को हमें प्रसाद बनाना है प्रसाद या विषाद नही। निर्वाण के पहले अपने जीवन में कुछ अच्छा निर्माण करो ताकि हमारा मानव जीवन उज्जवल और सुस्कारित बन सके।

विश्वविद्यालय में छात्रों के भूख हड़ताल आंदोलन का भाकपा-माले ने किया समर्थन

4 जुलाई 2023, भागलपुर/शिक्षा की बर्बादी और तबाही का दस्तावेज नई शिक्षा नीति 2020, चार वर्षीय स्नातक कोर्स, फीस वृद्धि आदि के खिलाफ आइसा के राज्यव्यापी आह्वान पर छात्रों के विश्वविद्यालय स्तरीय दो दिवसीय भूख हड़ताल आन्दोलन का भाकपा-माले ने पुरजोर समर्थन किया है। भाकपा-माले की ओर से नगर प्रभारी व ऐक्टू के राज्य सचिव मुकेश मुक्त ने विश्वविद्यालय परिसर में जारी छात्रों के भूख हड़ताल आन्दोलन के साथ एकजुटता जाहिर करते हुए कहा कि च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम (सीबीसीएस) के तहत राजभवन द्वारा चार वर्षीय स्नातक कोर्स लागू करने की प्रक्रिया पर सरकार पूरी तरह से रोक लगाए। बिहार सरकार द्वारा इस पर व्यक्त की गई असहमति सराहनीय है। राज्य सरकार इसे संपूर्णता में खारिज करने का प्रस्ताव ले। उन्होंने कहा कि चार वर्षीय स्नातक कोर्स नई शिक्षा नीति 2020 पर आधारित है। यह पूरी नीति ही शिक्षा के निजीकरण और दलित-वंचित व गरीब तबके को शिक्षा से बाहर कर देने की एक गहरी साजिश है। बिहार के माननीय राज्यपाल केंद्र सरकार के एजेंडे को आनन-फानन में लागू करने पर तुले हुए हैं। इसके लागू हो जाने से फीस में भारी बढ़ोतरी होगी, जिसकी मार अभिभावकों पर पड़ेगी। बिहार के विश्वविद्यालय पहले से ही आधारभूत संरचनाओं की कमी की मार झेल रहे हैं। सत्र भारी अनियमितता का शिकार है। इसे ठीक करने की बजाए चार वर्षीय स्नातक कोर्स लादा जा रहा है जो स्थिति को और जटिल व गंभीर बनाएगा। कॉमरेड मुक्त ने यह भी कहा कि इस कोर्स के तहत ऐसे विषयों की पढ़ाई की बात की जा रही है जो छात्रों के भीतर अवैज्ञानिक सोच एवं अंधविश्वास को बढ़ावा देगा। भारतीय ज्ञान परंपरा के नाम पर ब्राह्मणवादी विचारों को बढ़ावा दिया जाएगा। साथ ही, चार वर्ष में किसी भी वर्ष छात्र को पढ़ाई छोड़ देने का अधिकार होगा। कुल मिलाकर यह कोर्स शिक्षा की बर्बादी और तबाही का नया दस्तावेज है। भाकपा-माले इसका पुरजोर विरोध करती है।

बिहार सरकार श्रम संसाधन विभाग अवर प्रादेशिक नियोजनालय, भागलपुर

भागलपुर/दिनांक-06-07 जुलाई 2023 को प्रमंडल स्तरीय दो दिवसीय नियोजन -सह- व्यावसायिक मार्गदर्शन मेला, 2023-24 के प्रचार-प्रसार हेतु अवर प्रादेशिक नियोजनालय भागलपुर तथा कुशल युवा कार्यक्रम के संचालकों के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 04.07.2023 को प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत प्रातः 08ः00 बजे अवर प्रादेशिक नियोजनालय भागलपुर परिसर से प्रारंभ होकर घंटाघर चौक से मानिक सरकार चौक, आदमपुर चौक होते हुए सेंडिस कम्पाउन्ड में समापन किया गया। इस प्रभात फेरी को संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर श्री भरत जी राम, सहायक निदेशक (नियोजन), श्री रोहित आनंद, नियोजन पदाधिकारी, अवर प्रादेशिक नियोजनालय, भागलपुर के द्वारा रवाना किया गया। इस प्रभात फेरी के सफल संचालन में श्री विवेक कुमार, श्री विश्वजीत कुमार, जिला कौशल प्रबंधक एवं कौशल विकास केन्द्र के संचालक श्री विजय चौधरी, श्री निवास कुमार, श्री शुभम शर्मा, श्री प्रीतम कुमार, श्री आशीष कुमार, मो0 अरबाज, श्री राजू कुमार एवं कार्यालय के सभी कर्मचारी ने भाग लिया। इस प्रभात फेरी में लगभग 150 (एक सौ पचास) से अधिक बच्चों ने भाग लिया।

धरना प्रदर्शन फर्जी डिग्री लेकर डॉक्टर ग्रामीणों को बेवकूफ बना रहे हैं

डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगा मृतक के परिजनों ने अनुराग अस्पताल के समक्ष किया धरना प्रदर्शन

दैनिक शुभ भास्कर/ संवाददाता/मधुपुर/देवघर/ डॉक्टर की सर्टिफिकेट जांच और इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर बड़ा नरायनपुर गांव के ग्रामीण पीड़ित परिवार के साथ सोमवार शाम को अनुराग हॉस्पिटल के सामने धरना प्रदर्शन किया। हॉस्पिटल के प्रबंधन पर आरोप लगाया की रविवार को चिकित्सक के द्वारा इलाज में लापरवाही बरतने के कारण बड़ा नरायनपुर निवासी मोहम्मद शफीक अंसारी की मौत हो गई । ग्रामीण और पीड़ित परिवार का कहना था कि अस्पताल में मरीजों की इलाज की समुचित व्यवस्था नहीं है । फर्जी डिग्री लेकर डॉक्टर ग्रामीणों को बेवकूफ बना रहे हैं। इलाज में लापरवाही आने के कारण उनके गांव का नौजवान युवक सफीक की मौत हो गई। मामले में जब तक उचित जांच कर दोषी पर कार्रवाई नहीं होती धरना प्रदर्शन जारी रहेगा । सूचना पर मधुपुर इंस्पेक्टर इंचार्ज रामदयाल मुंडा, प्रखंड विकास पदाधिकारी मधुपुर राजीव कुमार सिंह असपताल पहुंचे । धरना प्रदर्शन करें रहे ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत करने का प्रयास किया तथा पीड़ित पक्ष से घटना की जानकारी ली 7 तत्पश्चात बीडिओ और पुलिस अधिकारी अस्पताल प्रबंधन और चिकित्सक से बातचीत किया । मामले की पूरी जानकारी लेने के बाद बीडीओ ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया और कहां की अस्पताल प्रबंधन के मुख्य कर्मी से बात की गई । कल की घटना से संबंधित दस्तावेज अस्पताल प्रशासन से मांगा गया है । मामले में जांच होगी । पूरी घटना को जिले के उपायुक्त से अवगत करा दिया गया है । अगर अस्पताल प्रशासन दोषी पाया गया तो आवश्यक कार्यवाही की जाएगी । जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा की इलाज में लापरवाही हुआ है कि नहीं । फिलहाल सभी बिंदुओं पर मामले की जांच की जाएगी । इस संबंध में जिला परिषद सदस्य फारुख अंसारी ने कहा कि अस्पताल में उचित इलाज होना चाहिए । आगे फिर ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो । इसके लिए अस्पताल प्रबंधन के विरुद्ध ग्रामीणों ने शांतिपुर्ण धरना प्रदर्शन किया। प्रशासन के आश्वासन के बाद ग्रामीण वापस गए । विदित हो कि मधुपुर प्रखंड के बड़ा नरायनपुर निवासी मोहम्मद शफीक अंसारी युवक की तबीयत अचानक कल बिगड़ गई । स्वजन रिश्तेदार उसे इलाज के लिए तुरंत अनुराग हॉस्पिटल आए थे । इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई । इस सबध में अस्पताल में कार्यरत डॉ आर्यन कुमार ने बताया कि मरीज की हालत बहुत ही नाजुक था। बचने की कोई उम्मीद नहीं थी और यहां अस्पताल पहुंचा था। मरीज का कोई रिस्पांस नहीं हो रहा था।

मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम को ले अंचलाधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के संग की बैठक

दैनिक शुभ भास्कर/ सुष्मिता कुमारी/ नाला (जामताड़ा)/ निर्धारित कार्यक्रम के तहत सोमवार को नाला अंचल कार्यालय कक्ष में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत अंचलाधिकारी सुनीता किस्कु ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की ।इस दौरान उन्होंने निर्वाचन आयोग के द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में आगामी निर्वाचन 2024 के सफल क्रियान्वयन को लेकर चर्चा की। साथ ही सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को अधिक से अधिक संख्या में छूटे हुए मतदाता व 18 प्लस के युवक-युवतियों का नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिसका फोटो सही नहीं है वैसे मतदाता बीएलओ से संपर्क कर रंगीन फोटो के साथ मतदाता सूची में नाम प्रविष्टि करवा ले। अंचलाधिकारी सुनीता किस्कु ने विभिन्न पत्रों प्रपत्रों के बारे में भी जानकारी दी साथ ही खासकर नए नाम जोड़ने तथा वैसे मतदाता जिनका किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अशुद्धि है उसे सुधारने को लेकर आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की साथ ही सभी राजनीतिक दलों के नेताओं से आग्रह किया कि आप अपने स्तर से छूटे हुए मतदाता व 18+ के नए मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम प्रविष्टि कराने को लेकर प्रेरित करें ताकि आगामी निर्वाचन में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले सकें ।उन्होंने कहा कि दलों के प्रतिनिधियों द्वारा भी बूथ लेवल एजेंट प्रतिनियुक्त किए जाएंगे ताकि आपसी समन्वय से पुनरीक्षण कार्य हो सके तथा त्रुटिरहित मतदाता सूची ससमय प्रकाशन हो सके, इसी उद्देश्य से समन्वय की बैठक की गई। इस अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री अध्यक्ष उज्ज्वल भट्टाचार्य विधायक प्रतिनिधि वासुदेव हांसदा, प्रखंड सचिव जयधन हांसदा, दयामय घोष, आजसू पार्टी के प्रदीप कुमार मंडल, श्यामसुंदर बेसरा, निर्वाचन कार्यालय के उमाशंकर सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

ख़ास ख़बर

कटिहार सदर अस्पताल में बिहार राज्य आशा एवं आशा फैसिलिटेटर संघ की ओर से प्रदर्शन, नियमित करने की मांग

बिहार राज्य आशा एवं आशा फैसिलिटेटर संघ
जिला शाखा - कटिहार

बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ
जिला शाखा कटिहार

दैनिक शुभ भास्कर/जिला ब्यूरो चीफ/रूपेश मिश्रा/बिहार चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ एवं सीटू के बैनर तले बिहार राज आशा एवं आशा फैसिलिटेटर संघ की ओर से आशा स्वास्थ्य कर्मियों को नियमित करने की मांग को लेकर सदर अस्पताल में जोरदार प्रदर्शन किया गया।

इस विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में जिले भर के आशा स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे और अपनी मांग को लेकर अपनी आवाज को बुलंद किए इस दौरान प्रदर्शन के समाप्ति के पश्चात संघ की ओर से एक मांग पत्र सिविल सर्जन के माध्यम से सरकार को सौंपा।

मौके पर आशा स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि अगर उनकी मांगे पूरी नहीं होती है तो इससे भी उग्र आंदोलन करने के लिए हुए लोग मजबूर हो जाएंगे

कटिहार के नारायणपुर गांव में जलावन निकालने के दौरान सर्पदंश का शिकार हुआ युवक, सांप लेकर इलाज के लिए पहुंचा सदर अस्पताल



दैनिक शुभ भास्कर/जिला ब्यूरो चीफ/रूपेश मिश्रा/मनसाही थाना क्षेत्र के नारायणपुर में हुए इस घटना के बारे में सर्पदंश का शिकार मो मोकीम मंगलवार को पिता के कहने पर जलावन निकालने के लिए दूसरे कमरे में गया था जलावन निकालने के दौरान एक जहरीले सांप ने युवक के पैर पर डस लिया सांप को देखकर युवक काफी डर गया और इसकी जानकारी अपने परिजनों को दिया परिजन मौके पर पहुंचे और जिस सांप ने युवक को डसा था।

उसे पकड़कर मिट्टी के घड़े में बंद कर इलाज के लिए सांप के साथ युवक कटिहार सदर अस्पताल पहुंचे। जहां जिंदा सांप को देखकर चिकित्सक भी दंग रह गए वहीं इस मामले की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में लोग भी उस सांप को देखने के लिए पहुंचे थे वही इस दौरान युवक से जब सांप को लाने के कारण के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि अगर वह सांप लेकर नहीं आते और चिकित्सक उनसे पूछते कि कौन सांप डसा है तो इसलिए वह सांप को पकड़कर ही लेकर आए। ताकि सांप को देखकर चिकित्सक उनका इलाज करें। वही सांप के साथ युवक इलाज के लिए पहुंचा था और इसकी चर्चा पूरे सदर अस्पताल में हो रही है।

प्रेस विज्ञप्ति-अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का एक दिवसीय प्रांतीय अभ्यास वर्ग संपन्न

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद
जिला अभ्यास वर्ग
2023
ABVP
ABVP

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद
जिला अभ्यास वर्ग
ABVP

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का एक दिवसीय जिला अभ्यास वर्ग दिनांक 4 जुलाई को बी. बी. मैरेज हॉल, सिंकदरपुर में संपन्न हुआ।अभ्यास वर्ग का उद्घाटन जिला प्रमुख डॉ. संजय पाण्डेय जी, द्वि विभाग संगठन मंत्री अवनीश राय मानस जी, जिला विस्तारक ऋषभ सिंह व जिला संयोजक राकेश चौहान जी द्वारा हुआ। तदोपरांत कार्यपद्धति सत्र में एबीवीपी के प्रांत उपाध्यक्ष निगम मौर्य जी ने कहा कि एबीवीपी व्यक्ति निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण एवं समाज निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।उन्होंने कहा कि यह संगठन छात्र एवं शिक्षकों का ऐसा मंच है, जो बेहतर शैक्षणिक माहौल बनाने के लिए साथ-साथ संघर्ष करते हैं। मौके पर प्रांत सह मंत्री शिवा जी यादव ने कहा कि विद्यार्थी परिषद ने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से 1948 से लेकर अब तक सक्रिय है।उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में विद्यार्थी परिषद ने हर विकट परिस्थिति में अपनी भूमिकाओं को निभाया है।

उन्होंने कहा कि अभ्यास वर्ग के माध्यम से विद्यार्थी परिषद अपने कार्यकर्ताओं का वैचारिक रूप से विकास कर उनके व्यक्ति निर्माण करने का काम करती है।उक्त अवसर पर द्वि विभाग संगठन मंत्री अवनीश राय मानस जी ने सैद्धांतिक भूमिका का सत्र लेते हुए कहा कि विद्यार्थी परिषद ना केवल शैक्षणिक क्षेत्र में, बल्कि सामाजिक एवं पर्यावरण क्षेत्र में भी देश को नई दिशा देने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि कई प्रकार के क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय मुद्दों को सुलझाने में विद्यार्थी परिषद ने काफी अहम भूमिका निभाई है।उन्होंने कहा कि धारा 370 से लेकर राम मंदिर की बात हो या पूर्वोत्तर क्षेत्र में देश के खिलाफ षड्यंत्र रचने वाले लोगों की बात हो, हमेशा विद्यार्थी परिषद ने सकारात्मक वातावरण बनाने का काम किया है। विद्यार्थी परिषद अभ्यास वर्ग के समारोप सत्र में जिला संगठन मंत्री ऋषभ जी ने कहा कि विद्यार्थी परिषद् विद्यार्थियों के माध्यम से व्यक्ति निर्माण का काम करती है और फिर जब व्यक्ति का निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो जाती है, तब वह समाज के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर सामाजिक समस्याएं एवं समाजिक मुद्दों पर समाधान तलाशने का काम करता है।इस अवसर पर विभाग संयोजक ओमप्रकाश यादव जी, आकाश तिवारी जी, रजनीश पांडेय जी, वेद प्रकाश खरवार जी उपस्थित रहे

सदर विधायक ने किया पतरातु बस्ती का दौरा, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का दिया सौगात

संवाददाता /हज़ारीबाग सोहैल किरमानी/शहर के वार्ड संख्या 36 स्थित पतरातु में नगर निगम के 15 वें वित्त आयोग मद अंतर्गत यहां अवस्थित प्राथमिक स्कूल के भवन को अपग्रेड करके अर्बन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बनाया गया है। करीब 13.5 लाख रुपए की लागत से इस निर्मित किया गया है। सोमवार को इसका विधिवत उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल और स्थानीय वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अविनाश यादव ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर और शिलापट्ट का अनावरण कर किया।इसी परिसर में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के जर्जर भवन का विधायक मनीष जायसवाल ने निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारी से इसके जीर्णोद्धार के लिए सकारात्मक बातचित की। उन्होंने स्थानीय लोगों की समस्याएं भी सुनी जिसमें पतरातु वासियों ने एकस्वर में के राशन लेने के लिए लाखे जाने की बाध्यता के बाबत जानकारी देते हुए यहां पीडीएस दुकान आवंटित कराने की उनसे मांग की। विधायक मनीष जायसवाल ने तत्काल इसे लेकर भी विभागीय अधिकारी डीएसओ अरविंद कुमार से सकारात्मक चर्चा भी की और लोगों को आश्वस्त किया की जल्द ही आपका पीडीएस दुकान आवंटित कराने का भरसक प्रयास करेंगे ।इससे पूर्व विधायक मनीष जायसवाल के यहां पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने फूल माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंटकर भव्य स्वागत किया। मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा की हजारीबाग के विकास के साथ हजारीबाग वासियों के जीवन स्तर के उत्थान को लेकर कृतसंकल्पित हैं और इसी ध्येय के साथ सेवा कार्यों में हमेशा सक्रियता से जुटे रहते हैं। उन्होंने लोगों से अपील भी किया की किसी भी जायज समस्या के समाधान के लिए सीधे संपर्क करें हरसंभव मदद का कोशिश करूंगा ।मौके पर विशेषरुप से समाजसेवी अविनाश कुमार यादव, अमर सिंह, नागेश्वर राम, महादेव तिग्गा,देवतुल्य तिग्गा, दिलीप गुप्ता ,धीरज मण्डल, कार्तिक तिग्गा, दिलीप यादव, राजेश कुमार, सरजु राम, मुरली राम, अवध मण्डल, मिंटू कुमार, मुकेश कुमार, मिकु कुमार, दिनेश कुजूर, मनोज वर्मा, दिलमनी तिग्गा, रीना तिग्गा, नीली तिग्गा, माइकल, सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

प्रधानमंत्री आवास योजना- हज़ारीबाग सदर प्रखण्ड मे लगभग 93पीएम आवास अधूरे, पूरा करने का निर्देश

हजारीबाग सदर प्रखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कच्चा मकान में रहने वाले लोगों को पक्का मकान देने की कवायद 2016 से शुरू की गई। जिसके बाद लगातार 2021 तक जरूरतमंद को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया गया। वित्तीय वर्ष 2021-2022 तक आवास आवंटन हुआ, लेकिन आवंटन के बाद हज़ारीबाग सदर प्रखण्ड के लगभग 93 लाभुक आवास का निर्माण हीं नहीं किया है। कुछ हुआ भी तो आधा अधूरा आवास पूर्ण नहीं होने के कारण प्रतीक्षा सूची में नामित लोगों को आवास का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2021 तक सरकार द्वारा हज़ारीबाग सदर प्रखण्ड क्षेत्र के 2016 से 2021 तक 2000 लाभुकों को आवास आवंटन हुआ है जिसमें लगभग 93 लाभुकों द्वारा आवास की राशि मिलने के बाद भी आवास का निर्माण कार्य पूरा नहीं किया। जिसके वजह से 2022-2023 व 2023-2024 दो वित्तीय वर्ष में सरकार द्वारा आधा अधूरा आवास लाभुक अगर 15 दिन के अंदर पूरा नहीं करते हैं तो उस पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी आधा अधूरा आवास पूरा करने वाले सदर प्रखंड के पोता पंचायत, मोराँगी पंचायत, सिंघानी पंचायत,भेलवारा पंचायत, करवे कला पंचायत,गुरहेत पंचायत 15 दिन के अंदर अगर लाभुक अपना आवास पूरा नहीं करवाते हैं उस पर केस दर्ज करके कानूनी कार्रवाई किया जाएगा

संतरा देवी बागड़ी स्मृति सावित्री बाई फुले शिक्षिका सम्मान व सैनी समाज प्रतिभा समारोह 24 को

लक्ष्मणगढ़।समाजसेविका स्व.श्रीमती संतरा देवी बागड़ी स्मृति सावित्री बाई फुले शिक्षिका सम्मान समारोह एवं सैनी समाज प्रतिभा सम्मान समारोह 24 जुलाई को सैनी भवन में आयोजित होगा।संतरा देवी आनंद कुमार बागड़ी मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से स्व श्रीमती बागड़ी की 9वीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि समारोह पर सावित्री बाई फुले शिक्षिका सम्मान व सैनी समाज प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए ट्रस्ट के मंत्री बाबूलाल सैनी ने बताया कि चयन के लिए व्याख्याता जेपी सिंगोदया के संयोजकत्व में समिति का गठन किया गया है जिसमें व्याख्याता दिलीप चुनवाल, व्याख्याता सतीश राकसिया, व्याख्याता प्रमोद भभैवा, पीटीआई रामस्वरूप बबेरवाल, शिक्षक सुशील चुनवाल, रतनलाल भभैवा को शामिल किया गया है।ट्रस्ट के अध्यक्ष महेश बागड़ी ने बताया कि संतरा देवी बागड़ी स्मृति सावित्री बाई फुले शिक्षिका सम्मान समारोह के तहत एक पुरस्कार सैनी समाज से दूसरा सम्मान सर्व समाज की महिला शिक्षिका को दिया जायेगा। जबकि सैनी समाज की प्रतिभाओं को भी इस अवसर पर सम्मानित किया जायेगा। जिससे सत्र 2022-23 में 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा में 80प्रतिशत व अधिक,स्नातक,स्नातकोत्तर मे प्रथम श्रेणी व प्रोफेशनल कोर्सेज उत्तीर्ण प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा।ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष प्रेम प्रकाश बागड़ी ने बताया कि 24 जुलाई को श्रीमती संतरा देवी बागड़ी की नवीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई जाएगी तथा प्रतिभाओं का सम्मान व सावित्री बाई फुले शिक्षिका सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।उन्होंने बताया कि प्रतिभाशाली पात्र विद्यार्थी अपनी अंक तालिका की फोटो कॉपी तोदी कॉलेज के सामने स्थित सिंगोदिया लाइब्रेरी पर या 7 सदस्यीय चयन समिति को 15 जुलाई तक जमा करा सकते हैं।

विदायी समारोह नगर परिषद अध्यक्ष इन्द्रदेव पासवान ने पदाधिकारी के साथ बिताये समय को याद किया

किशनगंज नगर परिषद के पूर्व कार्यपालक पदाधिकारी के सम्मान में विदायी समारोह का आयोजन

किशनगंज 3 जूलाई (अली रजा)/ किशनगंज नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी दीपक कुमार के सम्मान में आज किशनगंज नगर के खगड़ा स्थित सम्राट अशोक भवन में एक विदायी समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें किशनगंज नगर परिषद अध्यक्ष इन्द्रदेव पासवान, उपाध्यक्षा निकहत कलीम, किशनगंज नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष हिरा पासवान, किशनगंज नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष मोहम्मद कलीमुद्दीन, समाज सेवी एवम आरजेडी नेता उसमान गनी, वार्ड पार्षद देवेन यादव, प्रदीप ठाकूर, चिंटू त्रिपाठी, अनिल कुमार सिंह, मोहम्मद नसीम, और नगर परिषद के पदाधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। ईस अवसर पर किशनगंज नगर परिषद अध्यक्ष इन्द्रदेव पासवान ने उक्त कार्यपालक पदाधिकारी के साथ बिताये समय को याद किया और कहा कि संसार का यह नियम है जो आता है उन्हे जाना है चाहे वह नौकरी हो या जीवन हो।

यह सरकारी प्रक्रीया है तबादले होते हैं। मगर कुछ लोग ऐसे होते हैं जो अपने काम से हमेशा याद किये जाते हैं।

मोहम्मद कलीमुद्दीन ने कहा कि यह विदायी समारोह बड़ा ही दुखदाई है जहां जुदाई का एहसास मन में होता है।

कार्यपालक पदाधिकारी ने तीन वर्ष बहुत अछे से बिताये हैं इनके कूछ काम ऐसे हैं जो हमेशा याद किये जायेंगे। वार्ड पार्षद मनीष जालान ने कहा कि कार्यपालक पदाधिकारी दीपक जी बहुत ही लोकप्रिय रहे और सभों को साथ लेकर चले और हर तरह की समस्या के समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहे। कार्यपालक पदाधिकारी दीपक कुमार ने किशनगंज में बिताये तीन वर्षो की बातों को याद किया और कहा कि किशनगंज में जो आपसी भाईचारह का माहौल है वह काबिले तारीफ है। मैं जहां भी रहूंगा किशनगंज की यादें हमेशा हमारे साथ रहेंगी।

सदर विधायक ने एनएचआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर से की मुलाकात

संवाददाता /हज़ारीबाग सोहैल किरमानी/ सोमवार को हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने महत्वाकांक्षी सड़क योजना बनारस-कोलकाता एक्सप्रेस वे, एनएच-100 और एनएच-33 पर ओरिया के समीप बन रहें फ्लाई ओभर के प्रगति को लेकर एनएचआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर पूर्णचंद्र काहिली से उनके हजारीबाग के कनहरी रोड़ स्थित कार्यालय कक्ष में मुलाकात की।

यहां इन सड़क योजनाओं को लेकर उनसे प्रगति की पूरी जानकारी प्राप्त की। इस दौरान एनएचआई के टेक्निकल मेनेजर अभिषेक मिश्रा और साइड इंजिनियर रंजित विश्वास भी मौजूद रहें और विधायक मनीष जायसवाल को एनएचआई अधिकारियों ने विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

दैनिक शुभ भास्कर

E pepar www.Dainik shubh bhaskar, com
नई दिल्ली, बुधवार, 05 जुलाई 2023
shubhbhaskar@gmail.com

ख़ास ख़बर

संतोष मोदी हत्याकांड मामले का दूसरा आरोपी हुआ गिरफ्तार, एसडीपीओ ने प्रेसवार्ता कर दी जानकारी

साहिबगंज- ओपी थाना क्षेत्र के साक्षरता मोड़ लोहंडा रोड में बीते दिनों 12 जून की रात को अज्ञात अपराधियों ने कृषि विभाग के चौकीदार संतोष मोदी को गोली मारकर हत्या कर दी थी। जहां इस हत्याकांड मामले को लेकर मृतक चौकीदार की पत्नी के लिखित आवेदन पर ओपी थाना क्षेत्र की पुलिस ने मामला दर्ज किया था। वहीं ओपी पुलिस इस हत्याकांड मामले की गुत्थी को सुलझाने के लिए लगातार क्षेत्र में छापेमारी अभियान चला रही थी। जहां घटना के 17 दिन बाद ओपी पुलिस ने आरोपी विक्रम दास को तीन देशी कट्टा एवं 8 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया था। वही पूर्व में गिरफ्तार किए गए आरोपी की निशानदेही पर ओपी पुलिस ने चौकीदार हत्याकांड मामले में शामिल दूसरे आरोपी नारायण मंडल उर्फ शिवम मंडल को छोटा जिरवाबाड़ी कृषि विभाग के पास से गिरफ्तार कर लिया है। उक्त बातों की जानकारी पुलिस लाइन मैदान में सदर एसडीपीओ राजेंद्र कुमार दुबे ने प्रेसवार्ता करते हुए पत्रकारों को दी। वहीं सदर एसडीपीओ ने बताया कि चौकीदार हत्याकांड मामले में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है जिसे जल्द ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

सड़क दुर्घटना में महिला हुई घायल, लाया गया अस्पताल

साहिबगंज- जिले के तालझारी बोरियो के समीप सड़क दुर्घटना में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जहां घायल महिला को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। वही बताया जा रहा है कि तेतरिया गांव निवासी जोको बासकी की पत्नी पिरडा टुडू बाइक पर सवार होकर पाकुड़ से साहिबगंज आने के क्रम में तालझारी बोरियो के समीप फोर व्हीलर से टक्कर हो गई जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। वही घायल महिला पाकुड़ पोस्ट ऑफिस में पीओ के पद पर कार्यरत है। उधर घायल महिला का इलाज सदर अस्पताल में डॉक्टर के देखरेख में चल रहा है।

सांप काटने से महिला हुई मूर्छित, इलाज कराने पहुंची सदर अस्पताल

साहिबगंज- ओपी थाना क्षेत्र के छोटा लोहंडा में शौच करने के लिए खेत में गई महिला कमला देवी उम्र 40 वर्ष पति सोना मुंडा को किसी सांप ने बाएं पैर में काट लिया जिसके कारण महिला मूर्छित हो गई। उधर महिला के परिजनों ने आनन फानन में बेहतर उपचार के लिए उसे साहिबगंज सदर अस्पताल लेकर आए। जहां सदर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक एवं ड्रेसिंग रूम के कर्मी महिला के इलाज में जुट गए फिलहाल महिला का इलाज सदर अस्पताल में जारी है।

जिला राष्ट्रीय जनता दल भागलपुर आज दिनांक 04 जुलाई 2023 दिन मंगलवार को

भागलपुर/विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला उद्घाटन समारोह में आए हुए बिहार सरकार के माननीय राजस्व व भूमि सुधार मंत्री श्री आलोक कुमार मेहता जी का राष्ट्रीय जनता दल जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर प्रसाद यादव जी ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किए।इसी के साथ ही विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला उद्घाटन समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय राजस्व व भूमि सुधार मंत्री श्री आलोक कुमार मेहता जी एवं माननीय जिला प्रभारी मंत्री सह कृषि मंत्री श्री कुमार सर्वजीत जी बाबा अजगेवीनाथ धाम सुल्तानगंज में फीता काट कर मेले का उद्धघाटन किए।मुख्य अतिथि श्रावणी मेला उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए राजस्व व भूमि सुधार मंत्री श्री आलोक कुमार मेहता जी ने कहा- लम्बे दिनों तक चलने वाले श्रावणी मेला में आने वाले भगवान शिव के प्रति श्रद्धा और विश्वास मनुष्य को प्रगति की ओर ले जाती है, भागलपुर जिला के उत्तर वाहिनी मां गंगा नदी शिव भक्तों के लिए वरदान देती है कि सुल्तानगंज गंगा नदी से बाबा बैजनाथ धाम की दूरी 105 किलोमीटर की दूरी कठिन रास्ते बीच में पड़ने वाले सूईयां पहाड़ पर जब पांव में सूई की तरह चूभते बो दर्द के बावजूद भी बोल बम का नारा लगाते हुए जब बाबा की नगरी देवधर जा कर गंगोत्री से चलकर मां गंगा का पवित्र जल शिव जी को अर्पित करने से मनुष्य के जीवन का सारे कष्ट दूर हो जाते हैं, मेरे भी मन में शिव जी के प्रति अथाह आस्था है।श्रावणी मेला उद्घाटन समारोह में जिला प्रभारी मंत्री सह कृषि मंत्री श्री कुमार सर्वजीत जी ने संबोधित करते हुए कहा -धर्म मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना हिन्दी है हम वतन के हिन्दुस्तान हमारा,इस बार श्रावणी मेला समारोह 03 महीने लम्बी अवधि तक जी चलेगा इसकी व्यवस्था सरकार द्वारा सारी विधि व्यवस्था सरकार के द्वारा पूरी कर ली है, मेले में सारे व्यवस्था जिला प्रशासन के कमांडिंग कर रहे हैं किसी भी तरह की असुविधा न हो सरकार इस पूरे मेला क्षेत्र में नजर रख रही हैं।

श्रावणी मेला उद्घाटन समारोह में माननीय सांसद बांका श्री गिरधारी यादव जी,राजद जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर प्रसाद यादव, माननीय विधायक नाथनगर अली अशरफ सिद्धिकी, माननीय विधायक सुल्तानगंज ललित नारायण मंडल, राजद नेता अशोक यादव, पूर्व विधायक सुल्तानगंज श्री फनीन्दर चौधरी, पूर्व विधायक पीरपैंती श्री रामविलास पासवान, जदयू जिलाध्यक्ष बिपिन बिहारी सिंह, जदयू नेता शुभानंद मुकेश, प्रदेश सचिव डॉ तिरुपति नाथ यादव, नगर परिषद सुल्तानगंज सभापति राजकुमार उर्फ गुड्डू,नगर अध्यक्ष सुल्तानगंज महोम्मद अफरोज आलम, जिला प्रवक्ता अजीत यादव, प्रखंड अध्यक्ष सुल्तानगंज कैलाश प्रसाद यादव,अति पिछड़ा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नटबिहारी मंडल, जिला महासचिव मोहम्मद मेराज,राज्य परिषद सदस्य अरविंद यादव,जिला उपाध्यक्ष प्रणव कुमार उर्फ पप्पू, युवा जिला अध्यक्ष महोम्मद बसारूल हक़, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष श्री मति आशा जयसवाल, जिला कोषाध्यक्ष महोम्मद मरगूबुल हसन, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष ई दिवाकर कुशवाहा, युवा जिला उपाध्यक्ष दिलीप गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष विवेकानंद यादव, जिला महासचिव शिशिर पटेल, युवा प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद इजरायल, एवं जिला मिडिया प्रभारी मंजीत ठाकुर के साथ साथ हजारों हजार कार्यकर्ता व शिव भक्त (बम) मौजूद थे।

जल निकासी नहीं होने के कारण नगर पंचायत के कई वार्ड तालाब में तब्दील, नहीं हो रही कोई पहल

बरहरवा- मौसम में बदलाव होने के बाद वातावरण राहतदायक तो हुई परन्तु इसके साथ साथ बरहरवा नगर पंचायत अंतर्गत कई वार्ड में बारिश के जलजमाव के कारण तालाब में तब्दीली देखने को मिल रही है। वही नगर पंचायत के झिकटिया प्रोफेसर कॉलोनी इससे बुरी तरह प्रभावित हुई है। जहाँ जल की निकासी नहीं होने के कारण अत्यधिक जलजमाव सड़क और साथ ही स्थानीय घरों को अपने शिकंजे में ले चुकी है। वही आवागमन के साथ साथ लोगों को जान माल का भी नुकसान झेलना पड़ रहा है। वहीं इस भीषण समस्या के निदान हेतु आवश्यक कदम नगर पंचायत कार्यालय के माध्यम से होनी चाहिए थी लेकिन ऐसा होना लोगो के लिए सपना जैसा लगने लगा है। वही नगर पंचायत के पदाधिकारी तो दूर एक कर्मी भी इस समस्या के लिए पहल करने से बचते बचाते नज़र आ रहे है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। वही गरीब व असहाय वर्ग के लोगों के लिए जी का जंजाल बनता जा रहा यह जलस्तर उनके आशियाने को भी ले डूबने की कगार पर है। लेकिन वर्तमान स्थिति ज्यों की त्यों बनी हुई है। उधर बच्चे इस जलजमाव को तालाब समझकर उनमें खेलते हुए नज़र आ रहे है।बरहरवा नगर पंचायत बनने के पाँच वर्ष होने को है परंतु विकास तो कोषों दूर है विनाश के घेरे में लोग अपनी जीवन यापन करने को मजबूर दिख रहे है। वहीं लाखों की लागत से बरहरवा नगर के रेल फाटक के बगल में बनाये गए अंडरग्राउंड व्यवस्था भी बारिश के बाद विकलांगता के कगार पर नज़र आ रही है।

नौ साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने चलाया जनसंपर्क अभियान

बोरियो- बोरियो बाजार सहित मोतीपहाड़ी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जनसंपर्क अभियान चलाया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में प्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष बिनोद शर्मा उपस्थित हुए। वही कार्यक्रम का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष शिवशंकर पंडित ने की। जहां कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को केंद्र के भाजपा सरकार के नौ साल बेमिसाल कार्य के तहत कार्यकाल के दौरान विकास योजनाओं के बारे में बताया गया। इस मौके पर 9090902024 पर मिस्ड कॉल के जरिए योजनाओं का लाभ की जानकारी दी गई। इस मौके पूर्व प्रत्याशी सूर्य नारायण हांसदा, गणेश तिवारी, कुशमाकर तिवारी, चंद्रभान शर्मा, मनीष ठाकुर, तापोश दत्ता, संजय मुर्मू, मनोज कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

140 पीस अवैध प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ ऑटो चालक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

सत्यमेव जयते
बरहरवा थाना

बरहरवा- थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार की रात्रि लगभग 10 बजे एक ऑटो से अवैध प्रतिबंधित कफ सिरप एवं ऑटो चालक को धर दबोचा है। मिली जानकारी के अनुसार बरहरवा थाना प्रभारी प्रियेश प्रसून को गुप्त सूचना मिली थी कि एक ऑटो में कफ सिरप तस्करी कर ले जाया जा रहा है। जहां बरहरवा एसडीपीओ प्रदीप कुमार उराँव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कुशवाहा टोला के पास एक ऑटो को रोकर तलाशी ली जिससे लगभग 140 पीस अवैध कफ सिरप की बोतले बरामद की गई है।

वही पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए ऑटो को जब्त कर ऑटो चालक को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। साथ ही ऑटो मालिक केलाबाड़ी निवासी सुनील साहा के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज की गई है।उधर ऑटो मालिक सुनील साहा की तलाश जारी है।

पं. बंगाल में पंचायत चुनाव से बरहरवा के सीमावर्ती इलाकों में बड़ी गर्माहट

बरहरवा- 8 जुलाई को पश्चिम बंगाल के विभिन्न इलाकों में होने वाली पंचायत चुनाव की आहट ने अब साहिबगंज तथा पाकुड जिले के सीमावर्ती इलाकों में गरमाहट बढ़ा दी है। जहां जिले के बरहरवा तथा कोटलपोखर थाना क्षेत्र के सीमावर्ती इलाके के गांव में चुनाव जैसा माहौल का गर्माहट महसूस किया जा रहा है। वही फरक्का विधानसभा क्षेत्र में 8 जुलाई को निकाय चुनाव के लिए मतदान होंगे। इसी के तहत सीमावर्ती इलाके के गांव शिकारपुर, नीमसार, बांका, बेवा, धर्मडांगा, तिलडांगा, फरीदपुर, जैसे बरहरवा थाना क्षेत्र की सीमा से लगते गांव में दिन रात लोग अपने अपने प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कराने को लेकर बैठक पर बैठक कर रहे है। वही बंगाल के लोग झारखंड के सीमावर्ती वैसे गांव में लगातार आना जाना कर रहे हैं जहां पर उनके मतदाता है। वही कभी कभी तो बरहरवा थाना क्षेत्र में भी दिन रात भोज भंडार का सिलसिला चलता हुआ देखा जा रहा है। जहां मंगलवार को बरहरवा थाना की सीमा से लगते शिकारपुर गांव में टीएमसी सपोर्टर के क्षेत्र में टीएमसी पार्टी के समर्थकों ने रैलियां निकाली। इतना ही नहीं दिन भर बैठक पर बैठकों का दौर भी चलता रहा। वही पश्चिम बंगाल के निकटवर्ती सीमा से सटे इलाका होने से इलाके के बरहरवा थाना क्षेत्र के कई गांव में चुनाव जैसा माहौल बन गया है।

फरक्का एनटीपीसी स्थित केदारनाथ ब्रिज से भारी वाहनों का परिचालन बंद

बरहरवा- जिले को पश्चिम बंगाल के फरक्का से जोड़ने वाला फीडर कैनल पर बने केदारनाथ ब्रिज में फिर से एक बार तकनीकी खराबी आ जाने के कारण इस ब्रिज से होकर भारी वाहनों के परिचालन पर सोमवार से रोक लगा दी गई है। वही फरक्का थाना पुलिस की ओर से जनहित में जारी आदेश में कहा गया है कि केदारनाथ ब्रिज के एक हिस्से में तत्काल तकनीकी खराबी आ गई है जिस कारण से ब्रिज से होकर किसी भी प्रकार के भारी वाहन के आने जाने पर पुरी तरह से रोक लगा दी गई है। उधर जब तक ब्रिज का क्षतिग्रस्त हिस्सा पूर्ण रूप से ठीक नहीं हो जाता है तब तक यह आदेश प्रभावी रहेगा। मालूम हो कि करीब 2 महीना पहले भी ब्रिज के एक हिस्से में खराबी आ गई थी जिस कारण से करीब 20 दिन तक ब्रिज से होकर किसी भी प्रकार की भारी वाहनों का परिचालन नहीं हुआ था। वही फरक्का पुलिस के आदेश में यह नहीं कहा गया है कि हल्की एवं छोटी वाहनों की आवाजाही सामान्य रहेगी या नहीं। उधर भारी वाहनों पर प्रतिबंध लगा दिए जाने से बरहरवा एवं कोटलपोखर थाना क्षेत्र के विभिन्न हिस्से में सैकड़ों भारी वाहन पिछले 2 दिनों से रोड पर खड़े दिखाई दे रहे है।

आदिवासी विरोधी हैं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी- रजनीकांत यादव

तीनपहाड़- झामुमो क्रीड़ा मोर्चा के केंद्रीय सचिव रजनीकांत यादव ने कहा एक बार फिर से भाजपा में जाकर अपने को पार्टी एवं कार्यकर्ताओं में स्थापित करने की जद्दोजहद में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का नाहक विरोध करते करते व आदिवासी मूलवासी के विरोधी हो गए। अभी अभी 30 जून को संथाल परगना में जिले के भोगनडीह में वीर शहीद सिद्धो कान्हू, चाँद भैरव, फूलो झानो के हूल दिवस पर उनके जन्म स्थली में न आना, शहीदों के वंशजों के प्रति अपनी कोई सहानुभूति न दिखाना जो कि वर्षो से इसकी परंपरा रही है लेकिन उस दिन भी बाबूलाल मरांडी अपने पार्टी के कार्यक्रमों में व्यस्त रहे क्योंकि उन्हें पार्टी में पद लेनी थी। जहां उन्हें आदिवासियों से कोई लेना देना नहीं है यहां तक की हेमंत सरकार ने जितने भी आदिवासी मूलवासियों के लिए नीतियां लाई उन सभी का भाजपा के साथ मिलकर षडयंत्र के तहत विरोध करने का काम किया और अब भाजपा बाबूलाल को आगे कर आदिवासी मूलवासियों के आखों में धूल झोंक कर सिर्फ वोट लेने का मंसूबा पाल रही है। लेकिन ये याद रहे कि झारखंड की जनता अब सब समझ चुकी है कि पिछले 22 सालों में भाजपा ने झारखंड को लूट का चारागाह बना रखा था और अब वर्तमान की लोकप्रिय एवं सर्वमान्य नेता हेमंत सोरेन ही हैं जो हमारे आज और कल की भविष्य पर सोचते हैं। इसलिए अब आने वाले समय में राज्य की तमाम जनता भाजपा के किसी भी झांसे में नहीं आएंगे और हर साजिश का मुँहतोड़ जवाब देगी।

लायनेस्टिक वर्ष गौ माता की सेवा "निष्ठा" दृंढ निश्चय के साथ सेवा कार्य प्रारंभ करने का संकल्प लिया गया

एक नई चेतना-स्फूर्ति ,उमंग-उल्लास के साथ लायनेस्टिक वर्ष 2023-24 का अगाज

LIONS CLUB OF BHAGALPUR

भागलपुर/एक नई चेतना-स्फूर्ति ,उमंग-उल्लास के साथ लायनेस्टिक वर्ष 2023-24 का अगाज करने के लिए लायन्स क्लब ऑफ भागलपुर के सदस्य आज 01 जुलाई 2023 को श्री गौशाला, भागलपुर में एकत्रित हुए हैं। सर्वप्रथम गौ माता की सेवा "निष्ठा" दृंढ निश्चय के साथ सेवा कार्य प्रारंभ करने का संकल्प लिया गया। गौ माता की पूजा की गई उन्हें रोटी खिलायी गई। हम सभी के स्वास्थ्य के रक्षक का सम्मान डाक्टर्स डे और आर्थिक जगत के रक्षक का सम्मान चार्टर डे "हर्ष" उल्लास के साथ मनाया गया। सिविल सर्जन डॉ.अंजना कुमारी को अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया ।सीए पुनीत चौधरी, सीए नीलेश अग्रवाल, सीए अम्बरीष अग्रवाल, सीए अजय भगत, सीए मुरारी खेतान, सीए सुनील दारूका, सीए दीपक सुल्तानिया, सीए कमल किशोर, सीए सुमित सरैया, सीए श्रवण सलारपुरिया, सीए अभिषेक अग्रवाल जी को अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया । पौधारोपण "पल्लव" नव कोमल पत्ता जिसके तहत सभी लायन कम से कम एक पौधा लगा रहे हैं और उसकी देखभाल का दायित्व भी ले रहे हैं। ऑवला,बेल, महोगनी,सांगवान ,कदम,पीपल एवं जामुन के पांच- पांच पौधे लगाए गए।

कार्यक्रम के संयोजक लायन ई. रंजीत कुमार सिंह, लायन डॉ.पंकज टण्डन,लायन विरेन्द्र कुमार मिश्रा, लायन पुरूषोत्तम गुप्ता हैं। लायन्स क्लब ऑफ भागलपुर के नये अध्यक्ष लायन मनोज कुमार शर्मा और सचिव लायन प्रदीप जालान ने सभी को नये लायनेस्टिक वर्ष की सभी को बधाई दी और कहा कि दृंढ निश्चय के साथ हम सभी लायन बंधुओ के साथ सेवा कार्य कर हर जरूरत मंद तक सेवा का लाभ पहुंचाएंगे। लायन्स इन्टरनेशनल जिला तीन सौ बाइस ई के सर्विस कॉर्डिनेटर लायन डॉ.पंकज टण्डन, रीजनल कॉर्डिनेटर लायन सुरेश कुमार भिवानीवाल ,जोनल चेयरपर्सन लायन अमर नाथ चमड़िया, लायन ज्योति पुंज मेहरोत्रा,लायन ब्रह्मदेव प्रसाद साह ,लायन बद्री प्रसाद छापोलिका, लायन मनीष बुचासिया, लायन प्रवीण कुमार,लायन आत्माराम झूनझूनवाला, लायन अशोक बंसल, लायन अनिल सिंहानिया, लायन अमित टिबडेवाल, लायन प्रदीप गुप्ता,लायन रूपम गुप्ता, लायन किशन लाल भालोटिया, लायन डॉ.सृष्टि अग्रवाल, लायन अमित अग्रवाल ने सेवा कार्य में हिस्सा लिया।

शिवगादी स्थित बाबा गाजेश्वर नाथ धाम का विधिवत रूप से फीता काटकर मेले का किया गया शुभारंभ

बरहेट- प्रखंड मुख्यालय से लगभग 6 किलोमीटर दूर स्थित शिवगादी धाम जो कि मिनी बाबा धाम के नाम से भी जाना जाता है।

जहां मंगलवार को श्रावणी मेले का शुभारंभ अपर समाहर्ता विनय मिश्रा, सदर अनुमंडल पदाधिकारी राहुल जी आनंद जी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर मेले का शुभारंभ किया।

इसके पूर्व सौरभ मिश्रा ने विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर मेले का शुभारंभ करने के पश्चात बाबा गाजेश्वर धाम से झारखंड सहित पूरे जिले के खुशहाली की कामना की। आपको बता दें कि इस बार श्रावणी मेला मलमास होने के कारण 2 माह का है। जहां श्रावणी मेले में बिहार, बंगाल सहित अन्य प्रदेशों से श्रद्धालु भारी संख्या में मिनी बाबा धाम पूजा अर्चना करने के लिए आते हैं।

वही यहां की विधि व्यवस्था को देख जो प्राकृतिक की छांव में एक मंदिर बसा हुआ है जो कि बाबा गाजेश्वर धाम और शिवगादी धाम को मिनी बाबा धाम के नाम से भी जाना जाता है।

ख़ास ख़बर

उदयपुर जिले में स्थित जंभेश्वर महादेव स्वयं प्रकट हुए थे और अपने भक्तों को पुष्प देते हैं उनका दिया हुआ आशीर्वाद ही पूछ अपने आप अपनी कागज पर गिरता है उसका काम पूरा हो जाता है यह गुफा के अंदर स्वयं प्रकट हुए थे इनको जंभेश्वर महादेव कहते हैं पुजारी जी ने सुनील कुमार मिश्रा को पूजा-अर्चना करवाई और भक्तों सावन के साथ पहले दिन में पूजा अर्चना की

जागरूकता प्रोग्राम आयोजित किया गया

टोबैको फ्री यूथ जागरूकता अभियान 2023
आए हम सब मिलकर करे प्रयास और "टोबैको फ्री यूथ"
लक्ष्य को करे साकार

दैनिक शुभ भास्कर/ सुनील कुमार मिश्रा /राजस्थान/ उदयपुर/सीएमएचओ डॉ शंकर एच बामनिया ने बताया कि आयुक्तालय फूड सेफ्टी एवं औषधि नियंत्रण के तत्वाधान में औषधि नियंत्रण विंग के अधिकारियों द्वारा कोतवाली थाने में फिल्म कॉलोनी स्थित केमिस्ट शॉप संचालकों के साथ मिलकर राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे 60 दिवसीय टोबैको फ्री यूथ कैंपेन के अंतर्गत जागरूकता प्रोग्राम आयोजित किया गया। इस बैठक में विभाग की तरफ से सहायक औषधि नियंत्रक श्री अनिल अग्रवाल श्री सुभाष चंद्र मुटनेजा तथा श्री राकेश वर्मा तथा औषधि नियंत्रण अधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक में अधिकारियों द्वारा तंबाकू के इस्तेमाल से हो रहे दुष्प्रभावों पर विस्तृत चर्चा कर विशेष रुप से युवा पीढ़ी को तंबाकू उत्पादों से दूर करने के लिए प्रेरित किया गया। उपस्थित सभी केमिस्ट बंधुओं द्वारा समाज के प्रति अपनी नैतिक जिम्मेदारी मानकर बढ़-चढ़कर अभियान में सम्मिलित होने का आश्वासन देते हुए आम जनता को जागरूक करने तथा किसी प्रकार का तंबाकू उत्पाद ना ग्रहण करने तथा अपने प्रतिष्ठानों को तंबाकू मुक्त करने की शपथ ग्रहण की।

कुख्यात कपिल यादव चढ़ा पुलिस के हत्थे, हत्या लूट डकैती सहित कई कांडों में था नामजद

मधुसुदनपुर ओ० पी
MADHUSUDANPUR O.P
9102427255

भागलपुर,रिपोर्ट=शैलेन्द्र कुमार गुप्ता/भागलपुर मधुसुदनपुर थाना क्षेत्र से जिले के टॉप टेन अपराधियों में एक कुख्यात कपिल यादव को पुलिस ने देर रात गिरफ्तार किया है। वहीं देर रात चलाए गए विशेष अभियान के दौरान पांच कुर्की वारंटी सहित एक व्यक्ति को शराब के नशे में गिरफ्तार किया गया है। वही कुख्यात अपराधी कपिल यादव पर जिले के विभिन्न थानों में हत्या, लूट, डकैती, रंगदारी सहित अन्य मामले दर्ज हैं। कपिल की गिरफ्तारी को बड़ी सफलता के रूप में पुलिस देख रही है। वही इसके अन्य साथियों के बारे में भी पुलिस के द्वारा गिरफ्तार अपराधी से पूछताछ किया गया है। वही इसके अन्य साथियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम जल्द ही छापेमारी करने की रणनीति तैयार कर रही है।

मनरेगा लोकपाल ने किया मनरेगा से संचालित योजनाओं का निरीक्षण, एक भी योजना में नहीं मिला बोर्ड

प्रतिनिधि, तिसरी,आंनद बरनवाल/तिसरी प्रखंड के बेलवाना, चंदौरी एवं खिजरी पंचायत में मनरेगा से संचालित 12 योजनाओं का निरीक्षण गिरिडीह मनरेगा लोकपाल तमन्ना प्रवीण द्वारा किया गया। इस दौरान उन्हें एक भी योजना में बोर्ड लगा हुआ नहीं मिला, जिससे योजनाओं की पुष्टि नहीं हो पाई। हालांकि लोकपाल द्वारा जियोटैग व नोट कैमरा से लिए गए फोटो द्वारा मिलान कर पुष्टि करवाने की बात कही गई। किंतु क्षेत्र में चर्चा रहा कि रोजगार सेवक, पंचायत सेवक व जेई के मिलीभगत से दूसरे योजनाओं को दिखाकर खानापूर्ति करा दिया गया है।बता दें कि वर्ष 2019-20 में सामाजिक अंकेक्षण के दौरान बेलवाना पंचायत में संचालित सामू बेसरा के जमीन पर तालाब निर्माण, अर्जून हांसदा का मुर्गी शेड निर्माण, सरकार टुडू के जमीन पर केंचुआ खाध निर्माण, किसुन राय के जमीन पर केंचुआ खाद्य निर्माण, जागेश्वर टुडू के जमीन पर केंचुआ खाद्य निर्माण, जागो मराण्डी घर के पीछे केंचुआ खाद्य निर्माण एवं ग्राम खोटो में स्कूल के पूरव केंचुआ खाद्य निर्माण में गड़बड़ियां पाई गई थी। वहीं चंदौरी पंचायत ने किरत तुरी के जमीन पर तालाब निर्माण एवं जोधी दास का जमीन समतलीकरण व खिजरी पंचायत के महेन्द्र यादव के जमीन पर मुर्गी शेड निर्माण, राजेश यादव के जमीन पर मुर्गा रोड निर्माण एवं उपर टोला पश्चिम नाला में तालाब निर्माण में भी गड़बड़ियां मिली थी। इन योजनाओं का जिला स्तरीय सुनवाई कर पुनः योजना के जांच का निर्देश दिया गया था।बताते चलें सबसे अधिक गड़बड़ी खिजरी पंचायत के महेन्द्र यादव के जमीन पर मुर्गी शेड निर्माण एवं राजेश यादव के जमीन पर मुर्गा शेड निर्माण योजना में देखने को मिली। एक मुर्गी शेड को कहां तय मापी से छोटा बनाया गया था एवं खिड़की व गेट नहीं लगाया गया था तो दूसरी योजना का पूरा छप्पड़ ही गायब मिला। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि योजनाओं के खानापूर्ति की गई है। तो वहीं दूसरी ओर ग्रामीण भी दबे जुबान में योजना के मालिक के जगह दूसरे को खड़े हो कर अपना योजना बताने की बात पर ठहाका लगा रहे थे, तो वहीं योजनाओं को बिना निर्माण कराए घर के पशु बांधने वाले कमरे को मुर्गी शेड बताने की बात पर चर्चा कर रहे थे। हालांकि बात चाहे जो भी हो गड़बड़ी का खुलासा पूरी जांच के बाद ही हो सकता है।

जानकारी देते हुए मनरेगा लोकपाल तमन्ना प्रवीण ने कहा है कि वर्तमान में आदेश के अनुसार सभी मनरेगा योजनाओं का जांच किया गया है।

इनमे से किसी भी योजना में बोर्ड देखने को नहीं मिला है। फिजिकल रूप से जांच करने के बाद कागजी जांच की जायेगी। सभी योजनाओं का जियो टैग से मिलान किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि कुछ योजनाओं जो पूरी तरह से निर्मित नहीं है उन योजनाओं का मापी पुस्तिका आदि का जांच किया जाएगा। अगर इसके बाद गड़बड़ी मिलती है तो आगे की कार्यवाही की जायेगी।

उसरी नदी में बहे हजारीबाग के तीन युवक, एक ने खुद को तेरकर बचाया

गिरिडीह/मॉनसून शुरू होने के साथ ही लगातार हो रही बारीश के बीच जहां उसरी नदी में तेज बहाव के साथ पानी भर गया है। वहीं रविवार की देर रात को तीन युवक पानी के तेज बहाव में बह गए। हालांकि इनमे से एक युवक तेर कर किनारे आ गया, लेकिन दो युवको का पता नही चल पाया है। शहर के सिरसिया-बरगंडा स्थित पूराना पुल के पास यह घटना हुई। घटना के दूसरे दिन सोमवार की सुबह ग्रामीणों की भीड़ पुल के समीप जुटी। जानकारी मिलने के बाद नगर थाना पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच कर तीनों युवकों को खोजने में ग्रामीणों का सहयोग कर रही है।रविवार रात हुई घटना के बाद से देर रात से तीनो युवकों को खोजने का अभियान शुरू हो गया। हालाकि इस दौरान एक युवक शंकर खुद को तेरकर बचाने ने सफल रहा। सोमवार की सुबह ही खंडोली से खास तैराक की टीम को बुलाया गया। जिनके द्वारा अब भी लापता मनीष और आनंद की तलाश की जा रही है।जानकारी के अनुसार हजारीबाग के रहने वाले आनंद, शंकर और मनीष तीनो दोस्त बेंगाबाद से रविवार की देर शाम को हजारीबाग जाने के लिए बाइक से निकले थे और गिरिडीह कॉलेज को क्रास करने के बाद गुगल मेप के माध्यम से वे शहर के सिरसिया होते हुए पूराना पूल के स्थान पर निर्माणधीन पुल के समीप पहुंच गए। वहां से वे वापस लौटने के बजाय शंकर बाइक से नीचे उतरा और नदी में बहाव की धारा नापने लगा। इसी क्रम में शंकर बहने लगा, तो उसे डूबते देख उसके दोनो साथी आनंद और मनीष भी तेज बहाव में खोजने उतर गये, लेकिन ये दोनो भी डूबने लगे। हालांकि इस बीच शंकर खुद को बचाने में सफल रहा। वहीं आनंद और मनीष तेज बहाव में बह गए।

बीजेपी वाशिंग मशीन, जो दुनिया की सारी गंदगी को 1 मिनट में कर देती है सफाया- पप्पू यादव

प्रेस वार्ता
जाप (लो)
JAP (L)

पटना। जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व सांसद पप्पू यादव ने उत्तरी मंदिरी स्थित आवास पर मंगलवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया। मीडिया से बातचीत के दौरान पप्पू यादव ने 'लैंड फ़ॉर जॉब' केस में तेजस्वी यादव पर चार्जशीट दाखिल और एनसीपी में टूट को लेकर उन्होंने मोदी सरकार और बीजेपी पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि ईडी, चुनाव आयोग, फिल्म स्टार, सीबीआई का दफ्तर RSS हो गया है। ये सभी संस्थाओं को आरएसएस को कंट्रोल कर रही है।वहीं, उन्होंने हम नेता संतोष मांझी को जेड सुरक्षा दिये जाने पर कहा कि सुरक्षा को लेकर बीजेपी का मापदंड क्या है, जो बीजेपी में जाता है उसको सुरक्षा मिलने लगती है। 10 दिन पहले ड्ड सुरक्षा, 10 दिन बाद Y+ और फिर 10 दिन बाद सुरक्षा मिल जाती है। जिस नेता को अपने घर में कुत्ते से भी डर नहीं है, बीजेपी उसको सुरक्षा देती है।महाराष्ट्र में एनसीपी में टूट और 77 हजार करोड़ के आरोपी एनसीपी नेता अजित पवार, प्रफुल्ल पटेल, छगन भुजबल को सरकार में शामिल कराने और अजित पवार को डिप्टी सीएम बनाये जाने पर उन्होंने गंभीर सवाल उठाये हैं। पप्पू यादव ने कहा कि बीजेपी क्या एक वाशिंग मशीन है?, जो हर 1 मिनट में दुनिया की सारी गंदगी को धो देती है। बीजेपी के साथ ममता दीदी थी तो झांसी की रानी थी अलग हो गई तो भ्रष्टाचारी हो गयी। महबूबा मुफ्ती बीजेपी आतंकवाद को सबसे बड़ा नाम बोलती थी लेकिन जब साथ में थी तो अहिल्या हो गई। गुलाम नबी आजाद जब कांग्रेस के साथ थे तब फासिस्ट थे लेकिन जब उनके साथ आये राष्ट्रवादी हो गये। उद्व ठाकरे जब तक बीजेपी के साथ थे तब तक देश भक्त हैं जैसे ही अलग हुए वह देश विरोधी हो गए। जब तक मायावती जी बीजेपी के साथी तो बीजेपी के नजर में दलित क्रांति की जनक थीं लेकिन जैसे ही अलग हुई मायावती दुनिया की सबसे भ्रष्ट नेता हो गई।पप्पू यादव ने कहा कि जब तक अरविंद केजरीवाल, अन्ना हजारे और बीजेपी के लिए काम करते रहे तब तक अरविंद केजरीवाल ठीक थे लेकिन जैसे ही उनकी दो स्टेट में उनकी सरकार बन गई तब से भी खराब हो गए। व्यापम घोटाला के आरोपी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ बैठकर देश का प्रधानमंत्री दूसरे लोगों को भ्रष्टाचारी कहता है। 77 हजार करोड़ का आरोपी एनसीपी के नेता अजित पवार, फ्रफुल्ल पटेल, छगन भुजबल समेत कई भ्रष्ट नेता आज बीजेपी में शामिल हो गए तो वह साफ सुथरा हो गए। पप्पू यादव ने कहा कि शरद पवार को चैलेंज करके बीजेपी ने अपनी ताबूत में अंतिम कील ठोक दी है।वहीं, पप्पू यादव ने सुशील मोदी पर निशाना साधते हुए उन्हें शिखंडी बताया है। साथ ही डिप्टी सीएम रहते सुशील मोदी की बहन ने बहुत बड़ा घोटाला किया है। सुशील मोदी की मोदी की दुकान लालू यादव को गाली देने से ही चलती है। वहीं, तेजस्वी यादव पर लैंड फोर जॉब केस में तेजस्वी यादव पर चार्जशीट दायर किये जाने पर कहा कि कानून अपना काम करेगा लेकिन देश में 6 साल अटल जी की सरकार, 9 साल मोदी सरकार रही। 15 साल में आप लालू परिवार को क्यों नहीं सजा दिलवा पाये। अगर लालू परिवार बीजेपी के सामने अगर सरेंडर कर देंगे तो वे समाजिक न्याय को बड़े दूत बन जायेंगे, तब कोर्ट का चक्कर नहीं लगायेंगे। हिंदुस्तान में कांग्रेस पार्टी और क्षेत्रीय पार्टी मिलकर मोदी सरकार की मनमानी को खत्म करेगी। अब लड़ाई आर-पार की है। पूर्व गवर्नर सत्यपाल मलिक के उस बयान का हवाला देते हुए पप्पू यादव ने मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जिसमें उन्होंने कहा था अडानी का पैसा मोदी का ही पैसा है। पप्पू यादव ने बीजेपी के सवाल किया सारे भ्रष्टाचारी बीजेपी में ही क्यों जा रहे हैं। बीजेपी हमेशा हिंदू मुस्लिम और नफरत की राजनीति करती है। मोदी सरकार ने दी और सीबीआई को अपना वर्कर बना दिया है विपक्ष को टारगेट करने के लिए इसका जवाब भारत की जनता देगी, इसकी शुरुआत बिहार से होगी वहीं, उन्होंने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने एनसीपी को सबसे बड़ा चोर बताया था फिर एनसीपी को तोड़ मरोड़ कर अपनी पार्टी में शामिल कर कर उनके नेताओं को मंत्री बनाया लिया।

श्रावणी मेला में अगले वर्ष की तरह इस वर्ष मिलेगी कांवरियों को सुविधा, सदर एसडीओ धन्नजय कुमार ने पुलिस ठहराव स्थल एंव उदघाटन स्थल का निरक्षण कर लिया जायजा

भागलपुर,रिपोर्ट्र–शैलेन्द्र कुमार गुप्ता/भागलपुर सुलतानगंज के अजगैविनाथ धाम में अगामी चार जुलाई को श्रावणी मेला उदघाटन को लेकर सदर एसडीओ धन्नजय कुमार ने स्थानीय पदाधिकारियों के साथ अजगैविनाथ गंगा घाट, नमामि गंगे घाट, कांवरिया ठहराव स्थल, पुलिस बल ठहराव स्थल का निरक्षण कर जायजा लिया गया इस दौरान सदर एसडीओ धन्नजय कुमार ने मिडिया को बताया कि दो माह का श्रावणी मेला होना है इसके लिए पुलिस बल के आवास की जरूरत है जो कल तक जिला में सभी फोर्स आने पर सभी को अजगैविनाथ धाम के विभिन्न जगहों में ठहराया जाएगा जो जगह को चिन्हित कर लिया गया है और अगले वर्ष की तरह इस वर्ष भी पार्किंग की व्यवस्था की गई है साथ ही नमामि गंगे घाट में श्रावणी मेला उदघाटन होना एंव अजगैविनाथ गंगा घाट पर भी एक छोटा कार्यक्रम होना है जो सारी तैयारी पुरी कर ली गई है जो कमी है जो कल शाम तक सभी तैयारी पुर्ण कर ली जाएगी की बात कही इस दौरान सीओ अमित राज, विडिओ मनोज कुमार मुर्मू, कृषि पदाधिकारी अजय मणि, एसआई अशौक कुमार सिंह सहित जिला के पदाधिकारी एंव प्रखण्ड के पदाधिकारी मौजूद थे

मिलन समारोह ऐतिहासिक अवसर पर लगभग हजारों हजार की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित हुए

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाया मिलन समारोह, हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने लिया सदस्यता

बिरनी, गिरिडीह,रिपोर्ट = पिंकू वर्मा/समाजसेवी डॉ सलीम एवं जीप सदस्यबिरनी मध्य भाग श्रीमती शाजदा खातून का कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित कार्यकर्ता मिलन समारोह में सदस्यता ग्रहण किया के अवसर पर ऐतिहासिक लगभग हजारों हजार की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित हुए जो बिरनी में एक नया विकल्प के रूप में देखा जा रहा है। मिलन समारोह में मुख्य अतिथि राजेश ठाकुर प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत यात्रा निकालकर देश में व्याप्त भ्रष्टाचार बेरोजगारी को मुद्दा बनाया। इस दौरान उन्होंने देश की समस्याओं से अवगत हुए और देश में फैली नफरत को मोहब्बत में बदलने का काम किया, जिसका परिणाम है कि तमिलनाडु और हरियाणा के चुनाव में इतिहासिक जीत दिलाने का काम किया। भाजपा के 9 साल के कार्यकाल में सिर्फ और सिर्फ हिंदू मुस्लिम में नफरत फैलाने का काम किया आज परिणाम है कि देश में हर एक जाति एक दूसरे को नफरत की भावना से देख रहा है। आज की भीड़ यह दर्शाता है की जनता बगोदर के साथ-साथ पूरे हिंदुस्तान में बदलाव की नजरों से देख रहा है। इस समारोह की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष बिरनी निरंजन राय एवं संचालन डॉक्टर आशिक अंसारी एवं सलीम अंसारी पंचायत समिति सदस्य ने संयुक्त रूप से किया।

विडियो वायरल होने के मामले में टीएमबीयू प्रशासन ने त्वरित संज्ञान लिया

"परीक्षा विभाग के" मे आई हेल्प यू" काउंटर पर बाहरी व्यक्ति द्वारा डिग्री का काम करते हुए विडियो वायरल होने के मामले में टीएमबीयू प्रशासन ने त्वरित संज्ञान लिया है। मामले में कुलपति प्रो. जवाहर लाल ने आरोपी परीक्षा विभाग के कर्मी चंदन भारती से पूछताछ की और उन्हें जमकर फटकार लगाया। मौके पर ही कुलपति ने प्रॉक्टर को मामले की जांच कर दोषी व्यक्तियों पर एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया है। कुलपति प्रो. लाल ने कहा की परीक्षा विभाग में बाहरी व्यक्ति से काम लेने की घटना अत्यंत ही निंदनीय और शर्मनाक है। दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। परीक्षा विभाग का औचक निरीक्षण जारी रहेगा। इस प्रकरण में शामिल अन्य लोगों की भी शिनाख्त की जा ही है। ऐसे कर्मचारियों और बाहरी तत्वों पर कड़ा एक्शन लिया जाएगा।" डॉ दीपक कुमार दिनकर, पीआरओ, टीएमबीयू।

दैनिक
शुभ भास्कर

ख़ास ख़बर

पूर्वी रेलवे का अब तक का सबसे अच्छा माल ढुलाई प्रदर्शन



कोलकाता, 4 जुलाई 2023/पिछले वर्ष की तुलना में मासिक माल ढुलाई कारोबार के बढ़ते प्रक्षेप पथ के अलावा, इस वित्तीय वर्ष (2023-24) की पहली तिमाही (अप्रैल से जून) में राजस्व 1845.01 करोड़ रुपये रहा है, जबकि 2022 में राजस्व 1581.73 करोड़ रुपये था। 23 इसी अवधि के दौरान। यह पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 16.65त्र की वृद्धिशील राजस्व दर्शाता है।श्री अमर प्रकाश द्विवेदी महाप्रबंधक/पूर्व रेलवे ने माल लदान में निरंतर उत्कृष्टता के लिए सभी बाधाओं और चुनौतियों को दूर करने के लिए सभी संबंधित पक्षों को जागरूक किया, पूर्व रेलवे सर्वांगीण दक्षता और प्रदर्शन में सुधार के लिए 24म7 काम कर रहा है और इसे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। राष्ट्र की अर्थव्यवस्था।

जनसेवक में समायोजन को लेकर लगातार 27 वें दिन भी किसान सलाहकार का प्रदर्शन जारी

भागलपुर,रिपोर्ट=शैलेन्द्र कुमार गुप्ता/बिहार कृषि समन्वयक कार्य समिति पटना के द्वारा भागलपुर जिला इकाई में लगातार 27 वें दिन भी जनसेवक में समायोजन को लेकर प्रदर्शन जारी है उन लोगों की मांगे हैं वेतनमान में संशोधन किया जाए ग्रेड पे 2800 से उत्क्रमित करते हुए 4800 की जाए और कार्य हित एवं राज्य हित में पदनाम को कृषि विकास पदाधिकारी (एडीओ) की जाए इसको लेकर उन लोगों ने लगातार 27 वें दिन कृषि विभाग भागलपुर में धरना प्रदर्शन जारी रखा है अब प्रदर्शनकारियों का रोक आक्रोशित देखा जा रहा है वहीं प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारी बिहार कृषि समन्वयक कार्य समिति भागलपुर इकाई के जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार ने कहा कि अगर हम लोगों की बातें नहीं मानी गई तो 12 जुलाई को विधानसभा का घेराव किया जाएगा और अनवरत यह हड़ताल जारी रहेगा।

श्रावणी मेला को लेकर सदर एसडीओ धन्नजय कुमार के द्वारा माइकिंग कर सभी दुकानदारों को दिया आवश्यक दिशा निर्देश

भागलपुर,रिपोर्ट=शैलेन्द्र कुमार गुप्ता/भागलपुर सुलतानगंज में श्रावणी मेला की सूरूवात को लेकर सदर एसडीओ धन्नजय कुमार के द्वारा थाना रोड से लेकर अजगैविनाथ गंगा घाट, नमामि गंगे घाट तक अतिक्रमण मुक्त करने के लिए पैदल मार्च स्थानीय पदाधिकारी के द्वारा निकाला गया इस दौरान सदर एसडीओ धन्नजय कुमार ने माइकिंग करते हुए पुरे शहर में सभी दुकानदारों को नाला के अंदर दुकान रखने का निर्देश दिया जो भी अगर दुकानदार श्रावणी मेला में नाला के बाहर दुकानदार लगाते हैं तो जुर्माना करते हुए कड़ी कानुनी कार्यवाही की जाएगी ईसको लेकर सभी दुकानदारों में हडकंप मच गया सभी दुकानदारों ने आनन फानन में नाले के अंदर दूकान लगाने लगे कई दुकानदारों को फाईन करते हुए दंडीत भी किया गया इस दौरान सदर एसडीओ धन्नजय कुमार ने मिडिया को बताया कि कोई भी दुकानदार नाला पर दुकान लगाएंगे तो उसे दंडीत करते हुए कानुनी कार्यवाही की जाएगी इस दौरान सीओ अमित राज, विडिओ मनोज कुमार मुर्मू थानाध्यक्ष प्रिय रंजन कुमार सहित इत्यादि पुलिस बल मौजूद थे।

साईबर क्राइम कंट्रोल को लेकर पुलिस अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण, साइबर अपराध पर लगेगी लगाम

साइबर एक्सपर्ट दीपक कुमार के द्वारा पुलिस पदाधिकारियों को नवगछिया में ट्रेंनिग दिया गया

भागलपुर,रिपोर्ट=शैलेन्द्र कुमार गुप्ता/भागलपुर नवगछिया साइबर क्राइम कंट्रोल को लेकर नवगछिया पुलिस जिला के पुलिस पदाधिकारियों को ट्रेंड किया जा रहा है। इसको लेकर पटना से आए साइबर एक्सपर्ट दीपक कुमार के द्वारा पुलिस पदाधिकारियों को नवगछिया में ट्रेंनिग दिया गया।

ट्रेनिंग के बाद पुलिस पदाधिकारियों को एक परीक्षा से भी गुजरना पड़ रहा है। पुलिस पदाधिकारियों को ट्रेनिंग के बाद परीक्षा के माध्यम से उनकी जानकारी को भी आंकी जा रही है। राज्य में साइबर अपराध की घटनाएं जिस रफ्तार से बढ़ती जा रही हैं। इससे मुकाबला करने के लिए पुलिस महकमा ने भी कई स्तर पर तैयारी शुरू कर दी है। इसमें दारोगा से लेकर डीएसपी तक के पदाधिकारियों को ट्रेनिंग देना सबसे महत्वपूर्ण है। आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने सभी पदाधिकारियों के लिए विशेष साइबर ट्रेनिंग कार्यक्रम तैयार किया है। अब तक दारोगा से लेकर डीएसपी रैंक के पदाधिकारियों को साइबर ट्रेनिंग दी गई। नवगछिया एसपी ने जानकारी देते हुए बताया कि ट्रेनिंग के दौरान साइबर अपराध के बारे में जानने के साथ उसे कैसे उद्भेदन किया जाए और अपराधियों को कैसे पकड़ा जाए इसके बारे में बताया गया। बता दें कि साइबर अपराध में काफी बढ़ोतरी के बाद सरकार के पुलिस पदाधिकारियों को ट्रेंड करने को लेकर कार्य किया जा रहा है। अक्सर साइबर अपराध के बाद पुलिस मात्र एफआईआर दर्ज करने तक ही फिलहाल सीमित रह जा रही है। टाउन थाना समेत जिला के विभिन्न थाना में सैकड़ों साइबर अपराध के केस पेंडिंग पड़े हुए है। जिसके नवगछिया सहित पूरे बिहार में साइबर थाना भी खोला गया है। साइबर मामले का केस होने के बाद आईओ बदल जाते है लेकिन मामले में कोई सफलता पुलिस को नहीं मिलती है।

साइबर अपराध होने के बाद पुलिस केस करने में भी पीड़ित के साथ काफी हिल-हुज्जत करती है। काफी प्रयास के बाद पीड़ित अगर केस दर्ज कराने में सफल हो जाते है तो उन्हें कोई फायदा नहीं दिखता। समय गुजरने के साथ केस भी फाइलों में बंद हो जाती है। सुशांत कुमार सरोज, एसपी नवगछिया ने कहा कि साइबर क्राइम को लेकर दो बाते है, पहला है जागरूकता। हमारी पुलिस प्रस्नल साइबर क्राइम के बारे मे जाने, जागरूक हो और जो ज्ञान यहां पर अर्जित करेंगे वो अपने अन्य पदाधिकारी को और अपने घरवालों को और अपने समाज को बताएंगे, ताकि साइबर ठगी से बच सके। दूसरा पहलू है यहां जो भी पुलिस पदाधिकारी है साइबर क्राइम से जुड़ा जो भी जांच है वो बारिकी से इनलोगो को जानकारी दी जा रही है। इस से हमारे दो फायदे है पहला होगा जागरूकता, दूसरा होगा जांच।

भागलपुर पुलिस द्वारा टॉप 10 कुख्यात अपराधी विक्रम यादव अपने साथियों के साथ गिरफ्तार ,अवैध हथियार भी बरामद



भागलपुर,रिपोर्ट=शैलेन्द्र कुमार गुप्ता/भागलपुर में 2 कांडों का पुलिस ने सफल उद्भेदन करते हुए अपराधियों को गिरफ्तार किया है इसकी सूचना वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार ने प्रेसवार्ता कर दी, उन्होंने बताया कि 2 जुलाई से 4 जुलाई तक विशेष समकालीन अभियान निर्धारित किया गया था इस अभियान के क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर भागलपुर के टॉप टेन की सूची में शामिल कुख्यात अपराधीकर्मी विक्रम यादव जिसके विरुद्ध कई लूट डकैती हत्या अपहरण जैसे मामले दर्ज हैं इसके नाम से पूरे शहर में दहशत फैला हुआ है आज उसे पुलिस ने उनके सहयोगियों के साथ और हथियार के साथ धर दबोचा, गिरफ्तार अपराधियों में विक्रम यादव छोटू कुमार और दीपक कुमार है, जिसके पास से दो देशी कट्टा एक देसी सिक्सर आधा दर्जन से अधिक जिंदा गोली बरामद किए गए।

वहीं दूसरी ओर दो मोटरसाइकिल पर सवार चार अज्ञात अपराधियों के द्वारा 30 जून को मनीष कुमार से नगद 4,77,200 रुपए मोबाइल व अन्य सामान हथियार के बल पर अपराधियों द्वारा छीन लेने के संबंध में मनीष कुमार गुप्ता के द्वारा लिखित आवेदन शाहकुंड थाने में दी गई थी, गंभीरता से इस पर विचार करते हुए पुलिस द्वारा एक टीम गठित की गई और वैज्ञानिक अनुसंधान के क्रम में मनीष कुमार गुप्ता खुद इसके दोषी पाए गए

जब उनसे पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि मैंने ही झूठा केस दर्ज कराया है क्योंकि महाजन के द्वारा पैसा का तगादा किया जा रहा था

महाजन को तत्काल पैसा देने से बचने के लिए मैंने स्वयं इस घटना की कहानी बनाई और केस दर्ज कराया, वहीं जिस मोबाइल से मनीष कुमार गुप्ता ने यह जानकारी दी थी उस मोबाइल को ही उसने तोड़ कर फेंक दिया था वही पुलिस ने मनीष कुमार के द्वारा फेंके मोबाइल बरामद कर लिए हैं और पुलिस के द्वारा मनीष कुमार गुप्ता के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

शाहकुंड थाना द्वारा लूट कांड का भी पुलिस ने किया सफल उद्भेदन, लूट कांड का जिसने कराया था केस दर्ज उसी ने रची थी झूठे षड्यंत्र

श्रावणी मेले को लेकर पुलिस कप्तान आनंद कुमार ने अधिकारियों के साथ सुल्तानगंज थाने में देर रात तक की बैठक

भागलपुर,रिपोर्ट=शैलेन्द्र कुमार गुप्ता/4 जुलाई से श्रावणी मेले की शुरुआत हो रही है. मलमास के कारण इस बार 2 महीने तक श्रावणी मेला चलेगा. ऐसे में अन्य साल के मुकाबले इस साल ज्यादा श्रद्धालुओं के सुल्तानगंज पहुंचने की उम्मीद है. ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था के लिए कर भागलपुर पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है. पुलिस कप्तान आनंद कुमार ने सुल्तानगंज थाने में अधिकारियों के साथ बैठक की. आनंद कुमार ने बताया कि श्रावणी मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की रहेगी. सभी चौक चौराहों पर पुलिस बलों की तैनाती रहेगी. साथ ही सीसीटीवी के जरिए भी श्रद्धालुओं की सुरक्षा की जाएगी.

बिहार सरकार श्रम संसाधन विभाग अवर प्रादेशिक नियोजनालय, भागलपुर

ITERATE INFO
रोजगार मेला - 2023
JOBS

रोजगार मेला - 2023
शुभारंभ प्रभात फेरी
TE INFO
KUSHAL YUVA PROGRAM

भागलपुर/दिनांक-06-07 जुलाई 2023 को प्रमंडल स्तरीय दो दिवसीय नियोजन-सह- व्यावसायिक मार्गदर्शन मेला 2023-24 के प्रचार-प्रसार हेतु अवर प्रादेशिक नियोजनालय भागलपुर तथा कुशल युवा कार्यक्रम के संचालकों के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 04.07.2023 को प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत प्रातः 08:00 बजे अवर प्रादेशिक नियोजनालय भागलपुर परिसर से प्रारंभ होकर घंटाघर चौक से मानिक सरकार चौक, आदमपुर चौक होते हुए सेंडिस कम्पाउन्ड में समापन किया गया। इस प्रभात फेरी को संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर श्री भरत जी राम, सहायक निदेशक (नियोजन), श्री रोहित आनंद, नियोजन पदाधिकारी, अवर प्रादेशिक नियोजनालय, भागलपुर के द्वारा रवाना किया गया। इस प्रभात फेरी के सफल संचालन में श्री विवेक कुमार, श्री विश्वजीत कुमार, जिला कौशल प्रबंधक एवं कौशल विकास केन्द्र के संचालक श्री विजय चौधरी, श्री निवास कुमार, श्री शुभम शर्मा, श्री प्रीतम कुमार, श्री आशीष कुमार, मो0 अरबाज, श्री राजू कुमार एवं कार्यालय के सभी कर्मचारी ने भाग लिया। इस प्रभात फेरी में लगभग 150 (एक सौ पचास) से अधिक बच्चों ने भाग लिया।

उद्घाटन सुबे के कई मंत्रियों ने दीप प्रज्वलन कर किया मेले का विधिवत उद्घाटन

श्रावणी मेले का हुआ भव्य उद्घाटन, अजगैवीनाथ धाम हुआ भगवामय

भागलपुर,रिपोर्ट=शैलेन्द्र कुमार गुप्ता/ बिहार में भागलपुर जिले के सुल्तानगंज अजगैवीनाथधाम उत्तरवाहिनी गंगा तट में ऐतिहासिक श्रावणी मेला और कावड़ यात्रा की मंगलवार को विधिवत शुरुआत हो गई, सुल्तानगंज के अजगैबीनाथ धाम सीढ़ी घाट पर मंगलवार को मेले का आधिकारिक रूप से उद्घाटन हुआ ,इस उद्घाटन में बिहार के राजस्व भूमि सुधार विभाग के मंत्री आलोक कुमार मेहता कृषि विभाग के मंत्री सह जिले के प्रभारी मंत्री कुमार सर्वजीत ने सामूहिक रूप से मंत्रोच्चारण के साथ दीप प्रज्वलन कर इस दो महीने तक चलने वाले श्रावणी मेले की विधिवत शुरुआत की गई। वही विशेष अतिथि के रूप में बांका के सांसद गिरधारी यादव भी मौजूद थे। गौरतलब हो कि इस बार मलेमास के चलते श्रावणी मेला दो महीने तक चलेगा। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान श्रावणी मेला पर आधारित चित्र पुस्तिका का सबों ने विमोचन किया। कई मंत्री विधायक उद्घाटन कार्यक्रम में रहे मौजूद भागलपुर जिले के सुल्तानगंज अजगैविनाथ धाम में मंगलवार को श्रावणी मेले के उद्घाटन में सूबे के कई मंत्री मौजूद थे, इस समारोह में राजस्व व भूमि सुधार विभाग के मंत्री, कृषि विभाग के मंत्री सह भागलपुर जिला प्रभारी, बांका सांसद गिरधारी यादव एमएलसी विजय कुमार सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष अनंत कुमार , तारापुर विधायक राजीव कुमार, पीरपैंती विधायक ललन पासवान, कमिश्नर, जिलाधिकारी, एसएसपी, डीडीसी, एसडीएम के अलावे कई विधायक और सांसद के साथ-साथ प्रशासनिक पदाधिकारी शामिल थे। श्रावणी मेले में है कांवरियों के लिए मुकम्मल तैयारी जिला प्रशासन द्वारा श्रावणी मेले में कांवरियों के लिए हर मूलभूत सुविधाएं दी गई है

10 लाख सरकारी नौकरी के वादे का क्या हुआ, महागठबंधन सरकार का धोखा बर्दाश्त नहीं करेगा बिहार का युवा, बिहार के शिक्षकों के साथ है भाजपा-शाहनवाज

भागलपुर,04 जुलाई 2023/ बिहार में सरकार बनते ही 10 लाख सरकारी नौकरी देने के वादे का क्या हुआ? सरकारी नौकरी का वादा तो पूरा हुआ नहीं, नौकरी के अवसर छीनने का इंतजाम महागठबंधन सरकार ने जरुर कर दिया। 2024 और 2025 में बिहार का युवा महाठगबंधन सरकार को बड़ा सबक सिखाएगी।

ये बातें पूर्व केंद्रीय मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन ने भागलपुर में मीडिया को संबोधित करते हुए कही।सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा कि भाजपा 13 जुलाई को गांधी मैदान से चलकर विधानसभा मार्च निकालेगी और महागठबंधन सरकार से 10 लाख सरकारी नौकरी के वादे पर जवाब मांगा जाएगा।बिहार में शिक्षकों की बहाली में डोमिसाइल नीति को हटाने पर भी भाजपा नेता सैयद शाहनवाज हुसैन ने बिहार की महागठबंधन सरकार को घेरा और कहा कि बिहार के युवाओं के साथ अन्याय हुआ है।

उन्होंने कहा कि 10 लाख सरकारी नौकरी का वादा तो पूरा किया नहीं, नौकरी के अवसर भी बिहार के युवाओं से छीने जा रहे हैं। उनूहोंने कहा कि ये दलील की बिहार में गणित, विज्ञान या अंग्रेजी के शिक्षक नहीं है, ये बिहार के युवाओं का अपमान है।

उन्होंने कहा कि भाजपा की मांग स्पष्ट है कि ष्टञ्जश्वञ्ज- स्ञ्जश्वञ्ज को क्चक्कस्ष्ट की परीक्षा से छूट देते हुए उनकी सीधी नियुक्ति हो। नियोजित शिक्षकों और शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा मिले। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि भाजपा बिहार के शिक्षकों और बिहार के युवाओं के साथ है और उनके हक की लड़ाई सदन से लेकर सड़क तक पार्टी लड़ेगी।

लाठी और गोली की सरकार के आगे बिहार के युवाओं की आवाज को भाजपा दबने नहीं देगी।शाहनवाज हुसैन ने कहा कि बिहार ज्ञान विज्ञान की धरती है। नालंदा विक्रमशिला की धरती है। बिहार के युवा आज कोटा में, सूरत में, भोपाल में और देश के अनूय कई शहरों में गणित, फिजिक्स, केमिस्ट्री जैसे विषय पढ़ा रहे हैं। यह कहना कि बिहार में योग्य शिक्षक नहीं, यह बात समझ से परे है।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324
सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।